प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा-071/2022-24
डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220

वर्ष-3 | अंक-106 | मथुरा, बुधवार, 11 जून 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com



पेज-10

सीएम योगी देंगे एक लाख रुपये, टैबलेट और मेडल



पेज-11

राजा रघुवंशी हत्याकांड : पुलिस के सामने सोनम ने कुबूला जुर्म



पेज-12

जगन्नाथ स्वामी के जयकारों से गूंजा जन्मस्थान परिसर

### मथुरा में पंजाब, एसओजी एवं पुलिस ने कार्रवाई की

# पंजाब में बैंक से लूट करने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** पंजाब में बैंक लूट करने वाले दो शातिर लुटेरों को गोविंदनगर थाना और पंजाब पुलिस की टीम ने हाईवे पर नए बस स्टैंड गोकुल रेस्टोरेंट के निकट से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो लाख दो हजार रुपये और इनोवा कार भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 30 मई को एचडीएफसी बैंक की ब्रांच रिहान जाट थाना मटियान जिला कपूरथला पंजाब में तीन नकाब पोश बदमाश हथियारों से लैस होकर घुस गए। बदमाशों ने बैंक के गार्डों के कब्जे में करने के बाद बैंक के सभी कर्मचारियों के मोबाइल छीन लिए। बैंक में घुसे लुटेरों ने बैंक से करीब 36 लाख रुपये का कैश लूट लिया और वहां से भाग गए। बैंक में हुई लूट की वारदात की रिपोर्ट थाना रावलपिंडी कपूर थला



पंजाब में बैंक को लूट कर भागे लुटेरे पंजाब, एसओजी व गोविंदनगर पुलिस की गिरफ्त में इनोवा कार के साथ।

पंजाब दर्ज कराई गई। पंजाब पुलिस बैंक में हुई लूट की वारदात के लिए बदमाशों की तेजी से तलाश कर रही थी। पंजाब पुलिस को बदमाशों की लोकेशन के बारे में मथुरा में होने की जानकारी मिली। पंजाब पुलिस ने यहां एसओजी और गोविंदनगर पुलिस को बदमाशों को पकड़ने के लिए सहयोग मांगा। एसओजी टीम और गोविंदनगर पुलिस ने बदमाशों की लोकेशन के बारे में जानकारी की और दोनों बदमाशों को गोकुल रेस्टोरेंट के समीप स्थित नए बस अड्डे पर हाईवे पर इनोवा कार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार लुटेरों में नवजोत सिंह निवासी कहालवान थाना कर्तारपुर जिला जालंधर पंजाब व

### नकाब पहनकर एचडीएफसी बैंक में की थी तीन लुटेरों ने वारदात

### 36 लाख रुपये से अधिक की लूट कर भागे हुए थे बदमाश

### लुटेरों से दो लाख दो हजार रुपये और इनोवा कार बरामद

जोरावर सिंह निवासी धालीवाला दीयान जिला जालंधर पंजाब है। लुटेरों से पुलिस को दो लाख दो हजार रुपये, इनोवा कार और पांच मोबाइल बरामद हुए हैं। पंजाब पुलिस गिरफ्तार दोनों लुटेरों को कोर्ट में पेशकर पंजाब ले जाएगी।

## जिला अस्पताल में चोर ने मरीज की जेब से 10 हजार रुपए उड़ाए

**यूनिक समय, मथुरा।** महर्षि दयानंद सरस्वती जिला अस्पताल में यदि आप पर्चा बनवाने के लिए खड़े हैं तो सावधानी बरतें। वरना चोर आपकी जेब को साफ कर सकता है। यह बात इसलिए कही जा रही है कि बुधवार को पर्चा बनवाने के लिए लाइन में खड़े एक व्यक्ति की जेब से कोई चोर दस हजार रुपये उड़ा ले गया। यह घटना जमुनापार थाना क्षेत्र के नगला पोला निवासी विजय सिंह के साथ हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंची। पुलिस अज्ञात चोर की तलाश कर रही है। जेब कटने के बाद पीड़ित पुलिस चौकी पहुंचा जहां बताया गया कि चौकी पर कोई भी पुलिसकर्मी ना मिलने के कारण इसकी शिकायत दर्ज नहीं हो सकी है। जिला अस्पताल के सीएमएस नीरज अग्रवाल ने कहा कि पुलिस को घटना की जानकारी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी होने के बावजूद इस तरह की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जबकि जिला अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। लेकिन न तो स्वास्थ्य विभाग ने और न ही पुलिस ने सीसीटीवी खंगालने का प्रयास किया जिससे जेब काटने वाले चोर को पकड़ा जा सके।

योजना | वृंदावन में कॉरिडोर से प्रभावित परिवारों को बसाने की योजना

# रुक्मणि विहार एवं सुनरख बांगर में जमीन का चयन

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कोरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों को बसाने की तैयारी जिला प्रशासन ने कर ली है। 275 प्रभावित परिवारों की आवासीय योजना बनाने के लिए रुक्मणि विहार और सुनरख बांगर में जमीन का चयन मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की ओर से किया गया है जहां फ्लैट बनाकर प्रभावित लोगों को मांग के अनुरूप उपलब्ध कराए जाने की योजना है। वृंदावन में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के दर्शन को आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कॉरिडोर निर्माण की दिशा में जिला प्रशासन तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक तरफ प्रस्तावित कॉरिडोर के लिए करीब 5.5 एकड़ जमीन का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है तो दूसरी तरफ इससे प्रभावित परिवारों को बसाने की योजना भी तैयार कर ली गई है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि कॉरिडोर से प्रभावित भू स्वामियों को रुक्मणि विहार या फिर सुनरख में बसने का विकल्प दिया जाएगा। इन दोनों ही स्थानों पर जमीन का चयन कर लिया गया है। चयनित क्षेत्र में आवासीय योजना के रूप में फ्लैट बनाए जाएंगे। यह कार्य मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर के लिए चिन्हित जमीन अधिग्रहण से 275 भवन स्वामी प्रभावित हो रहे है जिसमें 200 दुकान भी शामिल है। यहाँ प्रभावित इन सभी दुकानदारों को कॉरिडोर में दुकान आवंटित की जाएंगी। साथ ही सभी प्रभावित लोगों को जमीन और भवन के अनुसार मुआवजा भी दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि कॉरिडोर से प्रभावित होने वाले परिवारों को एक ही क्षेत्र में बसने का विकल्प भी दिया जाएगा। इसके लिए आवासीय योजना का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर से प्रभावित परिवारों के लिए प्रस्तावित आवासीय योजना की जानकारी देते हुए मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने बताया कि रुक्मणि विहार आवासीय योजना में चार बड़े प्लॉट इसके लिए चयनित किए गए हैं जहाँ वन और टू बीएचके 325-350 फ्लैट तैयार करने की योजना है। इसके अलावा और आवश्यकता होने पर सुनरख बांगर में भी करीब साढ़े तीन एकड़ जमीन भी चयनित की गई है। उन्होंने बताया कि रुक्मणि विहार में 3924.91 स्क्वायर मीटर, 2844 स्क्वायर मीटर, 1800 स्क्वायर मीटर तथा 1504 स्क्वायर मीटर के प्लॉट इस योजना के लिए चयनित किए गए हैं। जहां 325 से 350 फ्लैट तैयार हो जाएंगे। ग्रुप हाउसिंग में यह सभी फ्लैट टू बीएचके होंगे। विकास प्राधिकरण के सचिव अरविंद द्विवेदी ने बताया कि कॉरिडोर से प्रभावित लोगों के लिए प्रस्तावित फ्लैट की योजना का डिजाइन भी तैयार कर लिया गया है। वृंदावन में रुक्मणी विहार योजना में घर बनाना पहली प्राथमिकता है।

# पुलिस आयुक्त के पीआरओ के नाम पर ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोवर्धन के गांव देवसेरस के युवक ने सोशल मीडिया पर पुलिस अधिकारियों की प्रोफाइल खंगाल कर उनके नाम और फोटो का इस्तेमाल कर लोगों से लाखों की ठगी की। ठग का पर्दाफाश उस समय हुआ जब वाराणसी आयुक्त के पीआरओ के फोटो का दुरुपयोग कर एक महिला से 16 लाख रुपये बेटे की नौकरी लगवाने के लिए ठग लिए। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सोशल मीडिया पर पुलिस अधिकारियों की प्रोफाइल खंगाल कर उनके फोटो और नाम आदि की फर्जी आईडी बनाकर पुलिस अधिकारियों के नाम पर एक दर्जन से अधिक महिलाओं से लाखों रुपये की ठगी करने वाले देवसरस के रहने वाले युवक मुनफैद करीब पिछले डेढ़ साल से महिलाओं से ठगी कर रहा था। मुनफैद ने वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित कुमार अग्रवाल के पीआरओ रहे दीपक कुमार राणावत के नाम और फोटो का दुरुपयोग कर महिला अनीता यादव के बेटे की सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 16 लाख रुपये की ठगी करली। महिला के बेटे की न तो नौकरी लगी और न ही उनके रुपये लौटाए। परेशान होकर अनीता यादव ने आयुक्त से शिकायत की। एक व्यक्ति ने खुद को उप

### महिला ने पुलिस आयुक्त वाराणसी से शिकायत की थी

### सोशल मीडिया पर भी पुलिस अधिकारियों के नाम पर थे अकाउंट

### डेढ़ साल में 16 महिलाओं से ठगे लाखों रुपये

### कैंट पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने किया गिरफ्तार

निरीक्षक दीपक राणावत बताते हुए उससे 16 लाख ठग लिए। मामले की जांच कराई गई तो उप निरीक्षक का इस मामले में कहीं कोई इनवॉलमेंट नहीं मिला। क्राइम ब्रांच और कैंट थाने की पुलिस टीम ने मामले की गहराई से जांच की तो देवसरस के रहने वाला मुनफैद प्रकाश में आया। क्राइम ब्रांच और कैंट थाने की पुलिस टीम ने छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। युवक ने इस तरह 16 महिलाओं से लाखों रुपये की ठगी करने की वारदातों को कबूल किया है। पुलिस की पूछताछ जारी है। इस बारे में थाना प्रभारी गोवर्धन ने बताया कि मुनफैद उनके थाने के गांव देवसेरस का रहने वाला है। कैंट थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच द्वारा वहां से गिरफ्तार किया गया है।

## चलती रिनॉल्ट कार में लगी आग कार से कूद लोगों ने बचाई जान

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना वृंदावन क्षेत्र के अंतर्गत सौ सैया हॉस्पीटल के निकट रिनॉल्ट कार में आज दोपहर के बाद अचानक आग लग गई कार सवारों ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। सुरीर कोतवाली के गांव हरनोल निवासी परिवार के साथ रिनोर्ड कार से गांव के लिए जा रहा था।

रास्ते में वृंदावन क्षेत्र सौ सैया हॉस्पीटल के निकट अचानक कार में तेज आग लगी। कार में आग लगी देख चालक ने कार को रोका और तेजी से उसमें सवार सभी लोग कार से कूदकर बाहर निकलें इसके कुछ ही देर बाद आग को बुझाया जाता उससे पहले कार धूं-धूं कर आग से जल गई।

कार को जलता देख सड़क पर वाहनों की गति थम गई फायर ग्रेड को आग लगने की सूचना दी गई।

मौके पर पहुंची और आग को बुझाया लेकिन उस समय तक कार पूरी तरह से जल चुकीं थी।

## गर्मी से निकल रही है लोगों की जान

**यूनिक समय, मथुरा।** हाय गर्मी। हाय गर्मी। इस गर्मी ने जान निकाल दी है। आखिरकार कब इंद्रदेवता मेहरबान होंगे। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोग परेशान हो गए हैं। अब तो बारिश के आने का इंतजार कर रहे हैं। भीषण गर्मी और आसमान से बरस रही आग के अंगारों से घर से बाहर निकलना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। वह अपने सिर को ढककर ही बाहर निकल रहे हैं।

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 20 मेधावी कल होंगे सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटर मीडिएट परीक्षा 2025 के उत्तीर्ण मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह 12 जून का पूर्वाह्न 11 बजे लोकभवन लखनऊ में होगा। इसमें प्रदेश के मेधावी छात्रों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मानित करेंगे। इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था कलेक्ट्रेट सभागार में की गई है। इस अवसर पर जिले के 18 कॉलेजों के 20 छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया

### लखनऊ में मुख्यमंत्री, जनपद में विधायक व डीएम करेंगे सम्मानित

### लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देख सकेंगे

कि कार्यक्रम के लिए उनके द्वारा जिले के सभी विधायकों समेत गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौ. लक्ष्मीनारायण सिंह को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक मथुरा क्षेत्र के विधायक श्रीकांत शर्मा और मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी ने कार्यक्रम में आने की स्वीकृति दी है। कार्यक्रम में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह भी स्वयं उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से कहा कि हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा परिणाम के दौरान जनपद में प्रथम 10 स्थानों पर आने वाले छात्र–छात्राओं को लेकर 12 जून को प्रातः 9.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में पहुंचेंगे। सभी छात्र अपने साथ फोटोग्राफ, आधार कार्ड एवं ऑनलाइन प्रदर्शित परीक्षा परिणाम की प्रति अवश्य लेकर आएं।

### ये छात्र होंगे सम्मानित

हाईस्कूल में योगेश कुमार, हेमा, विवेक, कनिष्का पचहरा, कामिनी, उमा गौतम, रूद्रांश, अंशुल कुमार, तुषार चौधरी, आकाश सारस्वत, इंटर मीडिएट में काजल, नितिन, कृष्णा झा, आईशा कुरैशी, प्रशांत सारस्वत, गगन चौधरी, विपन कुमार, युवराज, आकाश, हर्षिता वर्मा को क्रमश प्रथम से लेकर दसवां स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया जाएगा।




# 13 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन को डीएम ने किया निरस्त

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद में मार्च 2025 में चयन समिति द्वारा 213 चयनित की गई कार्यकत्रियों में से 13 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा दो माह बाद भी अपने पद पर योगदान नहीं किया गया। इस पर कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने 13 कार्यकत्रियों की नियुक्ति को निरस्त कर दिया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने बताया कि इनमें परियोजना फरह में लक्ष्मी का बेरी प्रथम केन्द्र, मथुरा ग्रामीण परियोजना में मंजू शर्मा राल, रचना उंच्चागांव, मांट परियोजना में नीलम नगला फारम, रूबी सिद्धार्थ नगर, नंदगांव वार्ड 9 में नेहा सिंह, मथुरा शहर परियोजना में तन्नूपाल

### चयन होने के बाद भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने नहीं दिया योगदान

### मार्च 2025 में चयन हुआ था 213 कार्यकत्रियों का

भैंस बहोरा, कच्ची सड़क नीजू राजपूत, मनोहरा पुरा बबाना, प्रियंका यादव भैंस बहोरा 2, राया परियोजना में प्रीति कुशवाह थाना अमर सिंह, बलदेव परियोजना में कु. ज्योति किलौनी, कु. आशा करनऊ ने मार्च में नियुक्ति होने के बाद केन्द्रों पर बार–बार सूचना दिए जाने के बाद योगदान नहीं दिया। इस पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश ने सभी 13 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन को निरस्त कर दिया है।

# ठाकुर द्वारकाधीश का हुआ ज्येष्ठाभिषेक

**यूनिक समय, मथुरा।** ठाकुर द्वारकाधीश महाराज का ज्येष्ठाभिषेक भक्ति के भजनों के साथ मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि ठाकुर जी का स्नान यात्रा अभिषेक मंदिर के सेवाधिकारी अजय तेलंग व साथियों ने मंत्रोंच्चार किया।

स्नान मंदिर के मुखिया सुधीर कुमार एवं सहयोगी के द्वारा यह कार्यक्रम कराया जाता है। श्री तिवारी ने बताया कि इस स्नान यात्रा के लिए एक दिन पहले यमुना से शुद्ध जल मंदिर के सभी मुखिया व सेवा करने वाले लोग सजाकर लाते हैं उस जल को एक



साथ मिलाकर ठाकुर जी को स्नान कराते है।

# रिफाइनरी कर्मचारियों ने शुरू की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल




रिफाइनरी में भूख हड़ताल पर बैठे रिफाइनरी कर्मी।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** इंडियन ऑयल की मथुरा रिफाइनरी के कर्मचारी अपने ही प्रबंधन के खिलाफ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर आज से बैठ गए हैं। कर्मचारी 50-50 फीसदी प्रमोशन पॉलिसी में बैक लॉग समाप्त करने से नाराज हैं। इंडियन ऑयल के चेयरमैन ए. एस. साहनी की सहमति पर इंडियन ऑयल डायरेक्टर (एचआर) रश्मि गोविल ने इंडियन ऑयल कर्मचारियों की 50-50 प्रमोशन पॉलिसी बैकलॉग को तानाशाही रवैया अपनाते हुए एकतरफा समाप्त करने का इंडियन ऑयल प्रबंधन ने यह निर्णय लिया। इस निर्णय की वजह से इंडियन ऑयल कर्मचारियों ने 11 जून से अनिश्चितकाल के लिए देशभर में भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इसी का हिस्सा बनते हुए इंडियन ऑयल कर्मचारियों ने मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ के बैनरतले मथुरा रिफाइनरी में भी भूख हड़ताल शुरू कर प्रबंधन के इसको तानाशाही प्रबंधन का निर्णय बताया है। इसकी वजह से मथुरा

### प्रबंधन की तानाशाही के खिलाफ आंदोलन

### 50–50 फीसदी प्रमोशन में बैकलॉग समाप्त करने से नाराज हैं कर्मचारी

### मथुरा रिफाइनरी सहित पूरे देश में इंडियन ऑयल के कर्मचारी हैं हड़ताल पर


रिफाइनरी कर्मचारी संघ की ओर से अनिश्चितकाल भूख हड़ताल को भी सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ही रखा जा रहा है। ताकि कर्मचरियों को भी भूख हड़ताल करने में थोड़ी राहत मिल सके। जबकि अन्य रिफाइनरियों में भूख हड़ताल 24 घंटे अनिश्चितकाल के लिए चल रही है। मथुरा रिफाइनरी में भूख हड़ताल पर बैठे मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ के महामंत्री रामकिशन, अध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी, फतेह सिंह, हरीश पहल आदि हैं।

आगमन — आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कल परखम आएंगे

# तीन दिन का रहेगा प्रवास, स्वयंसेवकों को करेंगे संबोधित

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक डॉ. मोहन भागवत कल फरह ब्लॉक के गांव परखम पहुंचेंगे। वह तीन दिन तक प्रवास करेंगे। उनके आगमन को लेकर आरएसएस के स्वयंसेवक तैयारियों में जुट गए हैं। परखम में 28 मई से सामान्य वर्ग प्रथम स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण चल रहा है। यह प्रशिक्षण 18 जून तक चलेगा। प्रशिक्षण लेने के लिए तीन प्रांतों के पदाधिकारी यहां पहुंचे हैं। इसमें मेरठ, उत्तराखंड और ब्रज प्रांत के पदाधिकारी शामिल हैं। इन स्वयं सेवकों को को 28 मई से प्रतिदिन पूर्ण गणवेश में योगाभ्यास समेत संघ की अन्य पद्धति का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए संघ प्रमुख बृहस्पतिवार को परखम स्थित



पंडित दीनदयाल उपाध्याय गो विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र परखम पहुंचेंगे। यहां वह 14 जून तक प्रवास पर रहेंगे। साथ ही प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करेंगे। 18 जून को दीक्षांत समारोह होगा। संघ पदाधिकारियों के साथ–साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन भी सतर्क हो गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 28 मई से परखम फरह में चल रहे कार्यकर्ता विकास वर्ग– प्रथम का समापन समारोह 17 जून को होगा 18 जून को शिक्षार्थियों का दीक्षांत होने के बाद शिक्षार्थी अपने घरों को प्रस्थान करेंगे। दूसरी ओर समापन समारोह 17 जून को शाम साढ़े पांच बजे से दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान केंद्र फरह परखम पर रहेगा। जिसे अखिल भारतीय विमर्श संयोजक मुकुल कानिटकर सम्बोधित करेंगे। के एम विश्व विद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉ. निर्मल चन्द्र प्रजापति अध्यक्षता करेंगे। समापन समारोह के संयोजक विभाग प्रचार प्रमुख डॉ कमल कौशिक तथा विभाग कार्यवाह छैल बिहारी ने मथुरा जिले के संघ के विविध क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों के प्रमुखों से बैठक कर संख्या बढ़ाने पर चर्चा की। इसमें भारतीय जनता पार्टी, विद्याभारती, संस्कृत भारती, संस्कार भारती, सेवा विभाग, राष्ट्र सेविका समिति, अधिवक्ता परिषद, सहित अन्य संगठनों के प्रमुख शामिल हुए। कार्यक्रम की तैयारी बैठक में बोलते हुए डॉ. कमल कौशिक ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं के अंदर संगठन के वृहद रूप की कल्पना साकार होती है। सह विभाग कार्यवाह डॉ संजय ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने वाहनों पर केसरिया ध्वज लगाकर जाएंगे। विभाग कार्यवाह छैल बिहारी ने कहा कि समापन समारोह में स्वयंसेवकों के साथ साथ सामान्य जन, मातृशक्ति एवं विद्यार्थियों के रहने की योजना बनाई जा रही है। समन्वय बैठक में विद्या भारती के प्रान्त संगठन मंत्री हरिशंकर, निर्भय पांडेय, हरवीर, धर्मेंद्र अग्रवाल, संजय शर्मा, अनिल सिंह, राजू चौधरी, अजय सर्राफ़, विजय बंटा, श्रीओम तथा यशपालसिंह, आदि उपस्थित थे।

# होटल पर मारपीट व फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** महावन पुलिस ने होटल कर्मचारी के साथ मारपीट और फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गोकुल बैराज के पास श्रीजी फैमली रेस्टोरेंट के बाहर पेशाब करने को लेकर युवकों द्वारा कर्मचारी के साथ की गई मारपीट और फायरिंग की घटना के मामले में नामजद अभियुक्त अवनीश उर्फ छोटू निवासी नगला उमराव पैसई खंदौली आगरा को यमुना एक्सप्रेस वे के खप्परपुर अंडरपास के समीप से गिरफ्तार कर लिया।



## गौ रक्षा की हुंकार, पालने में पीछे गौ भक्त

# गाय को बचाने को हर घर के खूंटे पर पहुंचानी होगी गाय



वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** गौ रक्षा की हुंकार तो सब भरते हैं लेकिन गाय पालने में लोगों की रूचि नहीं। गाय पालनी भी हो तो देशी के बजाय विदेशी पालेंगे ताकि दूध ज्यादा मिले। यानि गाय पालने में भी घाटे मुनाफे का ध्यान रखना लाजमी है। रखें भी क्यों नहीं आज फाइनेंशियल युग है। आज हर व्यक्ति के लिए पैसा प्रमुख है तो हर चीज में पैसे का हिसाब किताब जरूरी है। जानकारों की मानें तो यदि लोग गाय को पालने लगें तो गौशालाओं की जरूरत ही नहीं रह जाएगी। गाय की भक्ति और शक्ति का गुणगान तो हर हिन्दूवादी करते दिखाई देते हैं, लेकिन हकीकत कोई बयान नहीं करता है। न जानने समझने की कोशिश करता है। एक दशक पूर्व पारासौली चंद्र सरोवर पर मोरारी बापू ने गौ भागवत कथा का भक्तों को सुनाई। उन्होंने मंच से अपील की कि हर व्यक्ति गाय पाले और दान देने वाले लोग गाय पालने वालों को दान दें तो देश से कुपोषण दूर हो जाए। उनका तर्क था जब गाय पालने वाले किसान व गरीबों को लोग दान करने लगेंगे तो क्रांसब्रीज वीर्य से बिगड़ी गाय की नस्ल में भी सुधार हो जाएगा। गौपालन करने वाले के परिवार का पोषण तो होगा ही। गाय की महिमा का मंडन तो सब करते हैं लेकिन गौभक्ति की दुहाई देने वालों से पूछोगे तो पता चलेगा कि उनके यहां गाय पालने और बांधने की जगह तक नहीं है। जिनके यहां जगह है वह गाय पालते नहीं।

### अंतिम संस्कार भी ठीक से नहीं

**यूनिक समय, मथुरा।** वृन्दावन के धौरेरा के जंगलों में पूर्व में मृत गायों के उचित अंतिम संस्कार न होने से नाराज लोगों ने सड़क पर जाम क्या लगाया उन्हें जेल की हवा तक खानी पड़ी। जांच में अधिकारियों ने किसानों की गाय बताकर मामले पर पर्दा डाल दिया। जब किसान गाय पालते ही नहीं तो सैकड़ों की संख्या में मृत गाय कहां से आ गईं। हर गौशालाओं के पास गायों के अंतिम संस्कार का भी ठौर ठिकाना नहीं। कई दफा ठंड के दिनों में मृत गौवंश के शव नहर रजवाहों में तैरते नजर आते रहे हैं।

### गोवर्धन का गौकशीकांड

**यूनिक समय, मथुरा।** हालिया गोवर्धन का गौकशी कांड चर्चा में है। इसमें पकड़े गए और नामजद लोगों में एक दो ख्यातिलब्ध कारोबारियों को देख लोग भौच्चके रह गए। आम आदमी के मुंह से यह बात निकल गई कि पुलिस वैसे सीसीटीवी, गूगल लोकेशन जैसी अनेक चीजों का सहारा लेती है। इस केश में क्या इन चीजों का उपयोग हुआ या दबाव में एफआईआर दर्ज कर ली गई। दोषी किसी धर्म या जाति का हो बचना नहीं चाहिए लेकिन निर्दोष भी फंसना नहीं चाहिए।

### पांच पशु से ज्यादा की नहीं हो पाती है देखभाल

**यूनिक समय, मथुरा।** विशेषज्ञ और पशु चिकित्सकों की मानें तो एक पशु को बांधने की जगह कितनी चाहिए, अच्छे उत्पादन और सेहत के लिए कितना दाना, हरा चारा एवं सूखा चारा चाहिए सभी चीजों का निर्धारण किया हुआ है लेकिन सरकारी गौ संरक्षण केन्द्रों तक में इन मानकों को सरकार पूरा नहीं करा पा रही है। यह बात अलग है कि हर गौ आश्रय सदन पर डॉक्टरों की ड्यूटी लगी है। वह समय–समय पर इन गौशालाओं में जाते हैं और गायों का उपचार आदि करते हैं।

# विद्युत की अघोषित कटौती के खिलाफ कल हल्ला बोल



कैलाश नगर कॉलोनी स्थित चंद्रशेखर आजाद पार्क के पास बिजली की समस्या को लेकर बैठक करते लोग।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** मंदिरों की नगरी में कई दिनों से चल रही अघोषित विद्युत कटौती से क्षुब्ध लोगों के सब्र का बांध अब टूटने वाला है। लोगों ने 12 जून को सुबह 10 बजे पागल बाबा बिजली घर केंद्र पर हल्ला बोल प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। हल्ला बोल आयोजकों का कहना है कि अब सोते विद्युत अधिकारियों का जगाया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से मंदिरों की नगरी में अघोषित विद्युत कटौती से लोग त्राहि–त्राहि कर उठे हैं।

इस कटौती से ऑफिस और घरों में लगे एसी, फ्रिज एवं कूलर शो पीस बन गए हैं। पंखा गर्म हवा फेंक रहे हैं। भीषण गर्मी में छोटे से लेकर बड़े तक बिलबिला उठे हैं।

हैरानी की बात तो यह कि अघोषित कटौती से जनता त्राहि–त्राहि कर रही है, लेकिन जनप्रतिनिधियों के मुंह से एक शब्द भी नहीं निकल रहा है।

### कैलाश नगर वृंदावन के लोगों ने दिया ज्ञापन

वजह है उनको शायद विद्युत कटौती का अहसास नहीं है। उनके यहां निरंतर विद्युत आपूर्ति आ रही हो।

उधर, विकराल बिजली समस्या को लेकर कैलाश नगर आवासी कॉलोनी वृंदावन स्थित चंद्रशेखर आजाद पार्क के पास एक बैठक की गई।

बिजली घर जाकर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बैठक में आरके त्रिपाठी, योगेश गौतम, सुंदर सिंह, नागेंद्र कौशिक, डॉ. मोरध्वज व्यास, ब्रजराज सारस्वत, राजू गौतम, राकेश बाबा, डॉ. सुधांशु द्विवेदी, प्रेमकिशोर मानसिंगा अग्रवाल, विनीत कसेरा, पवन शर्मा, छोटू मिश्रा, ललित पवार, कुंवर पाल मैथिल, श्रीपाल तथा अखिलेश तिवारी आदि उपस्थित थे। सभी लोगों ने कहा कि विद्युत कटौती ने लोगों का दिन का चैन और रात की नींद छीन ली है।

### अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की प्रांतीय बैठक 23 को

**यूनिक समय, वृंदावन।** 23 जून को अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के होने वाले प्रांतीय अधिवेशन की तैयारी को लेकर बैठक गांधी पार्क में की गई। अध्यक्षता करते हुए ब्रज प्रांत अध्यक्ष आचार्य राजेश किशोर गोस्वामी ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं प्रदेश कार्यकारिणी के साथ उत्तर प्रदेश के लगभग 60 जिलों के जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष प्रांतीय अधिवेशन में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मथुरा वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा करेंगे। जिलाध्यक्ष दुष्यंत सारस्वत एवं महानगर अध्यक्ष श्याम कुमार शर्मा ने बताया कि प्रांतीय बैठक प्रातः 9:00 बजे प्रारंभ होकर शाम 4:00 बजे समाप्त होगी। बाहर से आने वाले राष्ट्रीय, प्रांतीय मंडल एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियो को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। संचालन महानगर मंत्री दीपक कृष्ण गोस्वामी ने किया। बैठक में संरक्षक कृष्ण कुमार शर्मा लड्डू जी, नगर अध्यक्ष आचार्य करुण गोस्वामी, आचार्य दीपक गोस्वामी, मोहन श्याम शर्मा, सतीश त्रिपाठी, गिरधर शर्मा, मोहन बल्लभ शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, तरुण किशोर शास्त्री, भावेश दुबे तथा विक्रम वशिष्ठ आदि उपस्थित थे।




# हेमेंद्र गर्ग के हत्याभियुक्त योगेश की जमानत खारिज

### जिला जज ने सुनवाई के बाद दिया फैसला

**यूनिक समय, मथुरा।** समाजसेवी हेमंद्र कुमार गर्ग की जमीनी रंजिश के चलते गोली मारकर की गई हत्या के मामले में अभियुक्त योगेश यादव की जमानत अर्जी को डीजे विकास कुमार ने खारिज कर दिया। शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि 23 अप्रैल को रात को गायत्री बिहार कॉलोनी में रहने वाले हेमेंद्र कुमार गर्ग मोक्षधाम के समीप किसी गार्डन मे होने वाले कार्यक्रम में गए हुए थे। वह हर रोज गोकरन नाथ मंदिर के दर्शन करने के लिए भी जाते थे। वह मोक्षधाम के रास्ते मंदिर की ओर जा रहे थे। रास्ते में रात साढ़े नौ और दस के बीच हमेंद्र कुमार गर्ग की गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में हेमेंद्र कुमार गर्ग के भाइयों को पता लगा तो वह तुरंत वहां पहुंच गए। घायल को लेकर सिटी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में उनके भाई राजेंद्र कुमार गर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराई। हेमेंद्र कुमार गर्ग की जमीनी रंजिश के कारण योगेश, राकेश जोशी, राजन व सादिल शाह ने हत्या कर दी। योगेश ने अपने अपने वकील के माध्यम से जिला जज विकास कुमार के न्यायालय में जमानत याचिका दी। शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध किया। न्यायाधीश ने दोनों ओर के तर्क सुनने के बाद योगेश की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

### गौकशी के मामले में वांछित गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने गौकशी के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को नीम गांव तिराहे से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार नई बस्ती जैन गली ईदगाह के सामने रहने वाले हाजी कुरैशी के खिलाफ गोवर्धन में हुई गौकशी का मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने उसको नीमगांव तिराहे से एक सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है।



## मुड़िया मेले को लेकर यात्री सुविधाओं को बढ़ा रहा है रेल प्रशासन

# जंक्शन की तीनों एंट्रियों पर टेंपो, ई-रिक्शा हटाने की होगी पहल

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मुड़िया मेले को लेकर जहां यात्रियों की सहूलियतों को लेकर रेलवे प्रशासन कवायद करने में लगा है। वहीं इसके दूसरी ओर जंक्शन के तीनों प्रवेश द्वारों पर निजी वाहन स्टेशन से आने और जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सबब बन रहे हैं। रेलवे प्रशासन को इन वाहनों को हटवा कर यात्रियों के निकलने का रास्ता साफ कराना चाहिए। गोवर्धन में लगने वाले मुड़िया पूर्णिमा मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु मथुरा जंक्शन पर आते है। स्टेशन पर ट्रेनों से बाहरी राज्यों और जनपदों से आने वाले यात्रियों का जमावड़ा रहता है। स्टेशन पर बाहर से



मथुरा जंक्शन के बाहर खड़े निजी वाहन।

आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन जहां मथुरा जंक्शन के तीनों प्रवेश द्वारों पर नगर निगम से मोबाइल टॉयलेट लगवाने के लिए व्यवस्था करा रहा है। वहीं इन तीनों एंट्रियों पर टेंपो और ई-रिक्शा व रिक्शा जैसे वाहनों के चालक रास्ते में बेतरतीब वाहन खड़े करके ट्रेन से आने वाले यात्रियों को घेर कर खड़े हो जाते हैं। परिणामस्वरूप वहां से पैदल गुजरने वाले अन्य यात्रियों को अपने सामान को लेकर निकलना काफी मुश्किल होता है। यही नहीं कभी-कभी तो वाहन न हटाने को लेकर यात्रियों से झगड़ा तक हो जाता है। स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को भी वाहनों द्वारा लगाए जाने वाले जाम के चलते स्टेशन तक पहुंचने में काफी समय लगता है। इसके चलते स्टेशन पर खड़ी हुई ट्रेन यात्रियों के पहुंचने से पहले छूट जाती है। वहां से गुजरते कई यात्रियों से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि स्टेशन के बाहर वाहनों का जिस तरह जाम लगता है उससे सामान और छोटे बच्चों व बुजुर्गो के साथ निकलने में भारी परेशानी होती है। उन्हें कहा कि आरपीएफ और जीआरपी को इन स्थानों पर होने वाली यात्रियों की परेशानी का ध्यान रख कर वाहनों को ठीक से खड़ा कराना चाहिए।




## घाटों की सफाई में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: श्रीकांत शर्मा



भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ यमुना के घाटों का निरीक्षण करते विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं मथुरा-वृंदावन के विधायक श्रीकांत शर्मा ने बुधवार को यमुना घाट पर पहुंचकर प्लास्टिक मुक्त घाट अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट की साफ-सफाई और यमुना तट की स्थिति का जायजा लिया। वहीं उन्होंने नगर निगम व प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। घाटों की सफाई में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। कहा कि एक-एक नागरिक अगर संकल्प कर ले कि वह प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेगा तो मथुरा प्लास्टिक मुक्त हो सकता है। स्वच्छता को सेवा और राष्ट्रधर्म बताते हुए कहा स्वच्छ यमुना, समृद्ध मथुरा। यह सिर्फ नारा नहीं, हमारा संकल्प है। मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने कहा प्लास्टिक न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि यह हमारी संस्कृति के केंद्र घाटों और तीर्थ स्थलों की गरिमा को भी चोट पहुंचाता है। हमें संकल्प लेना होगा कि घाटों पर प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे। इस अवसर पर नमामि गंगे प्रकोष्ठ बृज क्षेत्र सह संयोजक पंकज चतुर्वेदी, नरेश शर्मा बब्बू, गुड्डा पंडित, अखिलेश मिश्रा, विजय शर्मा, हेमंत खंदौली, कुंज बिहारी भारद्वाज, नितिन चतुर्वेदी, आशीष शर्मा, माधव शर्मा, अनमोल बिसावर, विवेक शर्मा, राजू पेंटर, सर्वेश चतुर्वेदी एवं त्रिलोकी व्यास आदि मौजूद थे।

## भाकियू ने प्रदर्शन करके डिप्टी कलेक्टर को दिया ज्ञापन



डीएम कार्यालय पर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जनपद के किसानों की जटिल समस्याओं के अविलम्ब निस्तारण की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। ज्ञापन में तहसील मांट के गांव प्रेमनगर में आबादी के क्षेत्र में सरकारी शराब के ठेका को अबिल करने एवं किसानों को सिंचाई के लिए नहरों पानी छोड़ने की मांग की। ज्ञापन

### प्रेम नगर में शराब का ठेका बंद हो, सिंचाई को नहरों में छोड़ा जाए पानी

देने वालों में जिला अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष सलीम खान, प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्ध सिंह, राजवीर नेताजी, प्रेम सिंह, राजकुमार, मीरा चौधरी, सुशीला देवी, सुमन, प्रियंका, राजवती, मनीषा एवं पूजा देवी आदि शामिल थी।

## पुलिस ने बाइक चोर किया गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली पुलिस ने एक बाइक चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक चोरी की बाइक व एक देशी तमंचा व कारतूस बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया कि बाग बहादुर पुलिस चौकी प्रभारी मांगेराम, उप निरीक्षक अरुण कुमार व पुलिस बल के साथ माल गोदाम रोड पर चेकिंग के लिए जा रहे थे। इसी बीच सूचना मिली कि एक युवक चोरी की बाइक को ले जा रहा है। पुलिस टीम ने माल गोदाम रोड पर शनिदेव मंदिर से पहले बाइक से जाते युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम रिंकू निवासी नगला जऊपुरा थाना सिंकदरा जिला आगरा बताया। पुलिस को तलाशी के दौरान उसके पास एक देशी तमंचा कारतूस व चोरी की बाइक बरामद हुई।

## वृंदावन में भगवान परशुराम शोभायात्रा 19 को निकलेगी



परशुराम शोभायात्रा के आमंत्रण कार्ड का विमोचन करते पदाधिकारी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** भगवान श्रीपरशुराम शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में 19 जून को वृंदावन में निकलने वाली भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के आमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। विमोचन करते हुए पूर्व पालिकाध्यक्ष पुष्पा शर्मा व योगेश द्विवेदी ने कहा कि भगवान परशुराम सर्व समाज के आराध्य है। आज उनके आदर्श व्यक्तित्व को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। ब्राह्मण महासभा के संस्थापक सुरेशचंद्र शर्मा व मुख्य संयोजक आशीष गौतम चिंटू ने कहा कि 19 जून को 101 झांकियों, बैंड, संकीर्तन मंडल आदि के साथ भव्य और दिव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। अध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम लीला भैया और सुभाष गौड़ ने बताया कि शोभायात्रा में नंदगांव, बरसाना,

### आमंत्रण पत्र का विमोचन कर संपर्क शुरू

गोवर्धन, बलदेव, महावन, गोकुल आदि तीर्थ स्थलों से ब्रजवासी जन भाग लेगें। ब्रज ब्राह्मण महासंघ के संस्थापक चंद्रनारायण शर्मा ने कहा कि 19 जून को निकल रही भगवान परशुराम शोभायात्रा समाज की एकता और अंखडता का प्रतीक बनकर सभी को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, मनमोहन गौतम, बीएम शर्मा, बालकिशन गोस्वामी, पुनीत शर्मा, मुकेश सारस्वत, अमित गौतम पिंटू, श्याम सरदार, आशु सरदार, उद्धव पंडित, राधाकांत शर्मा, छोटे गौतम, गोविंद नारायण ब्रजवासी, विवेक गौतम एवं दीनदयाल गौतम आदि उपस्थित थे।

## गांव सियरा में ग्रामीणों की समस्या सुनीं कांग्रेसियों ने



राया के गांव सियरा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनते कांग्रेस के नेता।

**यूनिक समय,मथुरा।** कांग्रेस ने राया के गांव सियरा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनीं। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि गांव में साफ सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। नाली खरंजा उखड़े पड़े है। बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। इस मौके पर गिरवर शर्मा, राजकुमार तिवारी, प्रदीप सागर, ओमवीर शर्मा, निहाल सिंह, पप्पू चौधरी, पोहप सिंह, पप्पू चौधरी, माखनलाल, जयप्रकाश शर्मा, चिरंजी, भीकचंद्र राठौर, वेदांत शर्मा, रामपाल, भानु प्रकाश, राजवीर सिंह, गीतम सिंह, पवन सिंह तथा सतीश आदि मौजूद थे।

### प्रेस विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.06.2025 को थाना गोवर्धन पर दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की नीलामी की जायेगी। अतः अनुरोध है कि नीलामी में भाग लेने का कष्ट करें।


प्रभारी निरीक्षक
थाना गोवर्धन, मथुरा

## सदर सर्किल के थानों की अपराध गोष्ठी

# एसपी सिटी ने विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के दिए आदेश

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** सदर सर्किल के थानों की अपराध समीक्षा गोष्ठी एसपी सिटी ने ओमेक्स सिटी पुलिस चौकी पर की। एसपी सिटी ने अपराधों को नियंत्रित करने के साथ-साथ गुणवत्ता के आधार पर मुकदमे की विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के आदेश दिए। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात सदर सर्किल के थानों में होने वाले अपराधों की समीक्षा के लिए बैठक की गई। बैठक में सभी थानों के प्रभारी



सदर सर्किल के थानों की अपराध गोष्ठी करते एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह।

निरीक्षक और उप निरीक्षकों ने भाग लिया।

मीटिंग में उनके थाना क्षेत्र में होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी की गई और उन्हें किस तरह कम किया जाए। इस पर चर्चा की गई। थानों में लंबित मुकदमों की विवेचनाओ के बारे में आईओ से

### थानों में होने वाले अपराधों की भी ली जानकारी

पूछताछ करते हुए विवेचनाओं को शीघ्र गुणदोष के आधार पर निस्तारित करने के आदेश दिए। इसके साथ ही सभी से अपनी ड्यूटी को मुस्तैदी से करने और थानों पर शिकायत लेकर आने वाली जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए। एसपी सिटी ने इलाके होटल गेस्टहाउसों में ठहरने वालों को चेक करने के लिए भी कहा।

## ट्रेनों में यात्रियों के मरने का सिलसिला जारी

# छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में यात्रा करती महिला की हुई मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** भीषण गर्मी के चलते ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों का बीमार होकर मरने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। दिल्ली से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में मथुरा दर्शन को आती एक महिला की यात्रा के दौरान मौत हो गई। परिवार के लोग महिला को अपने साथ ले गए। जनपद गाजीपुर के सरौली निवासी सोमनाथ यादव के अनुसार वह

### पति बिना पोस्टमार्टम कराए दिल्ली ले गया

बुधवार को परिवार के साथ दिल्ली से मथुरा घूमने के लिए आ रहे थे। उनके साथ पत्नी लीला देवी और बच्चे भी थे। दिल्ली से मेरा पूरा परिवार छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के कोच बी–3 में मथुरा के लिए सफर कर रहे थे। ट्रेन को आंझई स्टेशन पर सिग्नल नहीं मिला जिसके चलते ट्रेन वहां रुक गई। इस दौरान पत्नी लीला देवी के तबीयत अचानक बिगड़ गई। सोमनाथ ने पत्नी की हालत बिगड़ने की जानकारी ट्रेन के स्टाफ को दी तो स्टाफ ने मथुरा जंक्शन पर महिला को उपचार दिलाने की बात कही। ट्रेन सुबह 8.20 के करीब स्टेशन पहुंची तो चिकित्सकों ने लीला देवी को चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार के सदस्यों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह ने प्रथम दृष्टि में महिला की मौत हार्ट अटैक आने से मानते हुए महिला का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा, लेकिन महिला के पति ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया और मृत पत्नी के शव को दिल्ली ले गया।

## प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई राजेश पायलट की पुण्यतिथि

**यूनिक समय, शेरगढ़ (मथुरा)।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष सहजराम सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट के चित्र पर श्रद्धा सुमन के साथ पुण्यतिथि मनाई। वक्ताओं ने श्री राजेश पायलट के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विक्रम सिंह पटेल, वीर चंद, हेमराज सिंह एडवोकेट, सोहनलाल पहलवान रामवीर पूर्व प्रधान, वीरों चौधरी, वीर चंद, परशुराम मास्टर, लेखराज, शेर सिंह, पूरन, चौधरी, देवेंद्र विजय तथा भड़ाना एवं राजेश आदि उपस्थित थे।

## गर्मी: कारागार मे निरुद्ध बंदियों को लेकर बरती जा रही सतर्कता

**यूनिक समय, मथुरा।** भीषण गर्मी में जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को गर्मी के प्रकोप और इस मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए अतिरिक्त प्रयास किये जा रहे हैं। बंदियों को ठंडा पानी मिल सके। इसके लिए मिट्टी के मटकों की व्यवस्था की गई है। सामाजिक संस्थाएं भी लगातार मदद में आगे आ रही हैं। बंदियों के खानपान में भी मौसम के मिजाज के मुताबिक बदलाव किया गया है। बंदियों को हल्का खाना उपलब्ध कराया जा

### खानपान में किया गया है बदलाव, ठंडे पानी के लिए रखे गये हैं मिट्टी के मटके

रहा है। बीमार और कमजोर बंदियों डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए नींबू भी दिये जा रहा हैं। बंदियों को सामान्यतः दो बार चाय उपलब्ध कराई जाती है। इस समय चाय के स्थान पर शरबत दिया जा रहा है। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने बताया कि वर्तमान में करीब 15 सौ कैदी जिला कारागार में निरुद्ध हैं। गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन का खतरा बना रहता है। बंदियों को जागरूक किया जा रहा है। हमारी मेडिकल टीम भी सक्रिय है। जिस भी बंदी को स्वास्थ्य के हिसाब से जो आवश्यकता है वह उपलब्ध कराई जा रही है। इस समय योगा को प्रमोट किया जा रहा है। दिन में बंदी बैरक में ही रहना पसंद करते हैं।

सुबह योगा का कैंप लग रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की भी तैयारी चल रही है।

## एम.आर.एफ. सेन्टर की दक्षता को और बेहतर बनाया जाए: नगर आयुक्त

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के नगर आयुक्त जग प्रवेश ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु नगला कोल्हू में स्थापित 250 टन क्षमता वाले मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एम.आर.एफ.) सेन्टर का निरीक्षण किया। यह अत्याधुनिक सुविधा केंद्र मेसर्स रिसिटी नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित की जा रही है। इस प्लांट का निर्माण एलांइस टू एण्ड प्लास्टिक वेस्ट द्वारा उपलब्ध कराए गए सी.एस.आर. फंड के माध्यम से कराया गया है। यहाँ प्रतिदिन प्राप्त कचरे का



नगला कोल्हू स्थित 250 टन एम.आर.एफ. सेन्टर का निरीक्षण करते नगर आयुक्त जग प्रवेश।

पृथक्कीकरण किया जाता है, जिसके उपरांत कचरे की गठरी बनाकर रिसाइकलर्स को पुनः चक्रण हेतु भेजा जाता है। कूड़े की प्रोसेसिंग के उपरांत प्राप्त आर.डी.एफ. को शैडर के माध्यम से श्रैड कर सीमेंट फैक्ट्रियों को निस्तारण हेतु उपलब्ध कराया जाता है। यह प्लांट अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जिसमें एयर डेंसिटी सेप्रेटर, मैग्नेटिक सेप्रेटर और गूगल लेंस कैमरे की सहायता से कचरे की छंटाई की जाती है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने प्लांट की कार्यप्रणाली की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने प्लांट की क्षमता, संसाधनों का उपयोग, श्रमिकों की कार्यशैली और मशीनों की कार्यक्षमता का भी अवलोकन किया।

नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एम.आर.एफ. सेन्टर की दक्षता को और बेहतर बनाया जाए ताकि स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्यों को प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सके।

**चिंतन** — बाल श्रम विरोध दिवस कल

# छोटी उम्र में मजदूर बन रहे बच्चे



साइकिल में पंचर लगाता एक बालक।



स्कूटी को ठीक करता एक बालक।

**यूनिक समय, मथुरा।** 12 जून को बाल श्रम विरोध दिवस है। यानि बच्चों से मजदूरी न कराने का संकल्प लेने का दिन, लेकिन शहर में एक नहीं अनेक जगह बच्चे मजदूरी करते मिल जाएंगे। बाल श्रम विरोध दिवस से पहले यूनिक समय टीम ने कई जगह बच्चों को काम करते देखा। मजदूरी करना एक मजबूरी दिखाई दिया। लेकिन प्रशासन इस मजबूरी को समझने के लिए कोई प्रयास नहीं करता। आखिरकार मजदूरी क्यों कर रहा है। ऐसे कई बच्चे मिले, जिनके हाथ में पढ़ने के लिए लैपटॉप, स्कूल की किताब कॉपी होनी चाहिए, उनके हाथ में दो पहिया वाहन ठीक करने के लिए पेचकस आदि दिखाई दे रहे थे। कई बाल मजदूर तो अपने मालिक की डांट खाते दिखाई दिए। घर के हालातों से ऐसे बच्चों को स्कूल से भी दूर कर रखा है। सोचने की बात है कि हर वर्ष स्कूल चलो अभियान चलता है, लेकिन इन बच्चों के साथ कोई नहीं पहुंचता। उनको शिक्षा की बात क्यों नहीं समझाई जाती।

### 149 सेवायोजकों के विरूद्ध कार्यवाही, 206 बाल एवं किशोर मुक्त कराए

**यूनिक समय, मथुरा।** अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम विरोध दिवस कल मनाया जाएगा। श्रम विभाग ने पूरे वर्ष 149 सेवायोजकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 206 बाल एवं किशोर श्रमिकों को मुक्त कराया। अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर सहायक श्रमायुक्त एम एल पाल ने बताया गया कि गत वर्ष में जनपद में कुल 149 सेवायोजकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 206 बाल एवं किशोर श्रमिकों को कार्य से मुक्त कराया गया। इसमें 29 खतरनाक श्रेणी के बाल श्रमिक है। 177 गैरखतरनाक श्रेणी के किशोर श्रमिक चिन्हित किये गये है। सेवायोजकों के विरूद्ध मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्राभियोजन दायर किया गया है। उन्होंने बताया कि खतरनाक श्रेणी में कार्य कराने पर सेवायोजकों को कम से कम 06 माह की सजा या 20 हजार से 50 हजार रुपए तक का जुर्माना का प्रावधान है।

## जीएलए पॉलीटेक्निक के चार छात्रों का ट्रिनिटी टच में चयन



जीएलए विश्वविद्यालय पॉलीटेक्निक के चयनित छात्र।

**यूनिक समय, मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय के पॉलीटेक्निक विभाग के इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के चार छात्रों का चयन ट्रिनिटी टच कंपनी में हुआ है। यह चयन कैंपस प्लेसमेंट के दौरान हुआ, जिसमें छात्रों ने लिखित और मौखिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयनित छात्रों में शिवेश कुमार पांडेय, राकेश कुमार, अभय कुमार झा और विकास चौधरी शामिल हैं। ट्रिनिटी टच कंपनी इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग समाधानों के क्षेत्र में अग्रणी है। कंपनी उच्च-क्षमता वाले पावर डिस्ट्रीब्यूशन यूनिट्स चार्जिंग कनेक्टर्स और अन्य ईवी घटकों का निर्माण करती है।

इन उत्पादों में उच्च वोल्टेज और करंट रेटिंग्स, जैसे 500-800वी डीसी और 250अ तक, शामिल हैं। कंपनी का उद्देश्य स्वच्छ और सतत परिवहन के लिए विश्वसनीय चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर

### इंडस्ट्री की मांग के अनुसार प्रदत्त शिक्षा से जीएलए के छात्रों को मिल रहा रोजगार

प्रदान करना है। जीएलए पॉलीटेक्निक के प्राचार्य डॉ. विकास कुमार शर्मा ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना है। यह चयन इस बात का प्रमाण है कि जीएलए के छात्रों को उद्योग की मांग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के डिप्टी जनरल मैनेजर रजनीश महाजन ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में विश्वविद्यालय का औसत प्लेसमेंट प्रतिशत 86% रहा है, जो संस्थान की शिक्षा की गुणवत्ता और उद्योग से जुड़ाव को दर्शाता है।

## दंडवती परिक्रमा कर कांग्रेसियों ने किया कॉरिडोर का विरोध

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा/ वृंदावन।** कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष यतींद्र मुकद्दम कार्यकर्ताओं के साथ वृंदावन पहुंचे। उन्होंने दाऊजी मंदिर तिराहा पर एकत्रित होकर कॉरिडोर के विरोध में नारेबाजी की। इसके बाद वह फलाहारी बाबा गली पहुंचे। जहां से उन्होंने अनोखे अंदाज में दंडवती परिक्रमा करते हुए कॉरिडोर का विरोध शुरू किया। मुकद्दम ने पार्टी के सोशल मीडिया आउट रीच प्रोग्राम के जिलाध्यक्ष दीपक पाराशर के साथ नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस के जिला प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि कांग्रेस विकास की विरोधी नहीं है कॉरिडोर का विरोध कर रही है। उन्होंने बताया कॉरिडोर के नाम पर ऐतिहासिक धरोहर को खत्म करना चाहते हैं। इन कुंज गलियों का इतिहास हजारों साल पुराना है ग्रंथों में मिलता है। रसिया में मिलता है।

इन कुंज गलियों को खत्म कर विकास करना चाहते हैं। लोगों को बेघर कर विकास करना चाहते हैं इसका कांग्रेस विरोध करेगी।

## पत्नी की दहेज हत्या के मामले में पति को नहीं मिली जमानत

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला न्यायाधीश विकास कुमार ने पांच लाख रुपये की मांग को लेकर पत्नी की हत्या करने वाले पति की जमानत खारिज कर दी। जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि थाना नौहझील में रिंकू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन सूरजमुखी उर्फ शिवानी की शादी सत्येंद्र के साथ की थी। सत्येंद्र द्वारा दहेज के रूप में पांच लाख रुपये की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर सत्येंद्र ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में सत्येंद्र को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। सत्येंद्र की

### शासकीय अधिवक्ता ने किया जमानत का कड़ा विरोध

ओर से जिला जज विकास कुमार के न्यायालय में वकील के माध्यम से जमानत की अर्जी लगाई गई। जमानत अर्जी में सत्येंद्र को निर्दोष बताते हुए उसे जमानत देने की प्रार्थना की गई। जिला शासकीय अधिवक्ता ने शिवानी के पोस्टमार्टम में आई चोटों का जिक्र करते हुए अभियुक्त की जमानत का कड़ा विरोध किया। न्यायाधीश ने दोनों के तर्कों को सुनने के बाद जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया।

# होम्योपैथी की ओर बढ़ रहा है मरीजों का रूझान

**यूनिक समय, मथुरा।** पिछले वर्ष में जिला अस्पताल के होम्योपैथिक चिकित्सालय में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जनपद की सभी होम्योपैथिक की डिसपेंसरियों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला द्वारा हर माह रोगियों की सुविधाओं के लिए शिविर लगाया जाता है। पिछले साल 2024 जनवरी माह से मई तक जनपद के होम्योपैथिक जिला अस्पताल सहित 16 डिसपेंसरी सहित करीब 78 लाख के मरीजों की ओपीडी हुई। इसमें पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष जनवरी 2025 से मई तक के 6 माह में मरीजों की संख्या में 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।

मुख्य होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि अब कई सालों से होम्योपैथी की ओर लोगों का काफी रूझान आता जा रहा है। लोगों को विश्वास ही होता जा रहा है कि होम्योपैथिक की दवाईयों से रोग सही हो जाता है, लेकिन टाइम तो लगता ही है। गर्मी में वायरल बुखार, एलर्जी, पेट की बीमारियां, त्वचा रोग, अस्थमा और पुराने जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में होम्योपैथिक की तरफ रोगियों का ओपीडी के लिए रूझान बढ़ रहा है। डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि जनपद के होम्योपैथिक अस्पतालों व डिसेपेंसरियों में हर वर्ग के मरीज आते है। खासकर वे जो पुरानी बीमारियों से जूझ रहे हैं। ऐसे मरीज भी पेट, लिवर या गुर्दे व पुराने दर्द आदि बीमारियों वाले मरीज भी आते हैं। कई ऐसे मरीजों का इलाज भी हो रहा है, जो कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे वो आज भी अपने आप में सही बता रहे रहे है। जो मरीज खाना भी नहीं खा पाते है ऐसे मरीज भी अब खूब खाना भी खा रहे है और घूम भी रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र से आई एक मरीज ने बताया कि में होम्योपैथिक दवाएं ले रही है। आराम है। कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता है। जिला होम्योपैथिक अस्पताल में दवाएं भी फ्री मिलती है और धीरे–धीरे गंभीर बीमारी को भी दवा ठीक कर देती है।



पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया का सम्मान करते विधायक श्रीकांत शर्मा।

## पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया का 90वां जन्मोत्सव लोक महोत्सव के रूप में मनाया गया

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज के लोकसंगीत और संस्कृति के संरक्षक पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया का 90वां जन्मोत्सव ज्ञानदीप शिक्षा भारती सभागार, मथुरा में लोक महोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कवि, साहित्यकार, प्रमुख नागरिकों और विशेष रूप से लोक संगीत एवं लोक नृत्य कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बहज गाँव के सोनू के साथ आए कलाकारों ने रसिया गायन से की, जबकि मुखराई गाँव की सुप्रसिद्ध कलाकार सूखा नैनू ने 'चरकुला नृत्य' का प्रभावी प्रदर्शन किया। श्रीमती प्रज्ञा भाटिया के निर्देशन में मोहन स्वरूप भाटिया के साहित्यिक और सांस्कृतिक योगदान पर वृत्तचित्र और नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा, कांग्रेस नेता रमेश चन्द्र गर्ग, ब्रज कला केन्द्र के वरिष्ठ



उपाध्यक्ष दीपक गोयल, रमेश कुमार शर्मा एडवोकेट, पवन चतुर्वेदी आदि ने शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। मोहन स्वरूप भाटिया ने ब्रज संस्कृति के उन्नयन में सहयोग का आह्वान किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

## 103 साल के समाजसेवी का निधन, शव यात्रा में उमड़ी भीड़

### गाजे–बाजे के साथ निकली अंतिम यात्रा

संवाददाता

**यूनिक समय, गोवर्धन।** तहसील के गांव भरनाकलां के प्रमुख समाजसेवी ओंकार प्रसाद मिसुर का 103 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इसके बाद परिजनों ने उनकी अंतिम यात्रा अनोखे अंदाज में निकाली। परिजनों ने बुजुर्ग के जीवन की अंतिम यात्रा को यादगार और भव्य बनाते हुए उन्हें बारात के रूप में बैंड–बाजे के साथ विदाई दी। प्रसिद्ध भागवताचार्य राजाराम शास्त्री, रमेश चंद्र शर्मा, प्रेम शंकर शर्मा, राधारमन शर्मा के पिता ओंकार प्रसाद मिसुर अपने पीछे नाती, पोते सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। वह गांव



ओंकार प्रसाद

भरनाकलां सहित आसपास के गांव में सबसे वयोवृद्ध प्रमुख समाजसेवी थे। परिजनों ने गांव भरनाकाला के मुक्तिधाम में मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया। शव यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी।

## एलीट स्कूल ने अलग अदांज में मनाया स्थापना दिवस





**यूनिक समय, मथुरा।** एलीट स्कूल ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशेष समाज सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय परिवार ने दिनभर राहगीरों को दूध और रूह अफ़ज़ा का वितरण किया, जो गर्मी के मौसम में शीतलता और ताजगी का अहसास कराता है। विद्यालय के चेयरमैन दिनेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन विद्यालय के समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, "विद्यालय न केवल शिक्षा का मंदिर है, बल्कि समाज सेवा के माध्यम से मानवीय मूल्यों को भी विद्यार्थियों में विकसित करता है।" इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, ओएसडी, एडमिनिस्ट्रेटर, डायरेक्टर श्रीमती संगीता अग्रवाल एवं रितेश अग्रवाल सहित समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व समाज के सभी वर्गों का आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हो सका।

## किसानों का दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी

**यूनिक समय,मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के नेतृत्व में भीषण गर्मी में किसानों का दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। सिटी मजिस्ट्रेट ने किसानों को सारे मामलों की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया लेकिन किसान प्रधान डाकघर के सीरियर अधिकारी प्रवर अधीक्षक डाक से बात करने को अड़े हुए हैं। दूसरी ओर समाचार भेजने तक प्रधान डाकघर के सीनियर अधिकारी किसानों से संवाद करने को राजी नहीं हुए हैं। इससे किसानों में भारी आक्रोश और नाराजगी है। किसानों ने जमकर नारे बाज़ी की और प्रधान डाकघर के सीनियर अधिकारी मुर्दाबाद के नारे लगाए और सिटी मजिस्ट्रेट किसानों को धरना प्रदर्शन खत्म को राजी नहीं कर सके।

## औद्योगिक क्षेत्र में जूता फैक्ट्री में भीषण आग, लाखों का माल खाक

**यूनिक समय, आगरा।** थाना सिकंदरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र साइट सी में बुधवार सुबह उस समय अफरा तफरी मच गई, जब एक जूता फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में इसने विकराल रूप धारण कर लिया और फैक्ट्री का एक बड़ा हिस्सा अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में लाखों रुपये का तैयार माल और कच्चा सामान जलकर राख हो गया। घटना बुधवार सुबह लगभग 9:30 बजे की है। फैक्ट्री के कर्मचारियों ने जब फैक्ट्री के प्रथम तल से धुआं उठता देखा तो पहले तो उन्होंने स्वयं ही आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब आग काबू से बाहर होती गई तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन ईदगाह, संजय प्लेस और शास्त्रीपुरम से कुल चार दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए और तुरंत आग बुझाने की कार्रवाई शुरू कर दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डी.के. सिंह और एफएसओ संजय प्लेस सोमदत्त सोनकर स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे ऑपरेशन की निगरानी की। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। हालांकि तब तक फैक्ट्री के प्रथम तल पर रखा सारा माल जल चुका था। हालांकि प्रारंभिक रूप से यह आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट या किसी इलेक्ट्रिकल फॉल्ट के कारण लगी हो सकती है। इस बीच एफएसओ सोमदत्त सोनकर ने खुलासा किया कि फैक्ट्री संचालकों के पास फायर सेफ्टी की अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं था। इस संबंध में उन्हें पहले भी दो बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

## कबीर जयंती विशेष

# कबीर की आज भी उतनी ही जरूरत है

डॉ. धर्मराज

**यूनिक समय, मथुरा।** कबीर एक ऐसे विचारक, संत और समाज सुधारक थे जिन्हें किसी एक पंथ, शाखा या सीमा में बाँधना असंभव है। वे निर्गुण भक्ति के महान प्रवर्तक थे, लेकिन केवल भक्त नहीं थे। उन्होंने समाज के हर पहलू पर सवाल उठाए – धर्म, जाति, पाखंड, आडंबर और अंधविश्वास। कबीर का स्वर विद्रोही था, लेकिन उनका उद्देश्य केवल विरोध नहीं, बल्कि सुधार और जागरण था।



कबीर ने प्रेम को जीवन का आधार माना। उनका प्रसिद्ध दोहा – "ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय" – यह स्पष्ट करता है कि प्रेम ही सच्चा धर्म है। उन्होंने बताया कि प्रेम बाजार में बिकता नहीं, न ही किसी गुरु से सीखा जाता है, वह तो केवल अनुभूति और त्याग से प्राप्त होता है।

कबीर का करघा केवल रोज़गार का साधन नहीं था, वह आत्मनिर्भरता, तकनीकी कौशल और सादगी का प्रतीक था। उनके विचारों में वैज्ञानिक सोच भी झलकती है। जैसे वे कहते हैं –

"बकरी पाती खात है, ताकी काढ़ी खाल, जो नर बकरी खात हैं ताको कौन हवाल?"

यह जीवन के सूक्ष्म तत्वों को समझने की चेतना दर्शाता है, जो आधुनिक विज्ञान से मेल खाती है। आज जब समाज जाति, धर्म, और पहचान के नाम पर बँटा हुआ है, कबीर की वाणी फिर से प्रासंगिक हो गई है। हमें कबीर को मंदिरों या उत्सवों तक सीमित नहीं करना चाहिए, बल्कि उनके विचारों को अपने घरों और जीवन में स्थान देना चाहिए। कबीर को पढ़ना मात्र एक अध्ययन नहीं, बल्कि एक जागरण है – और यही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## लंबे इंतजार के बाद हैंड पंप रीबोर में किए गए भ्रष्टाचार की जांच पूर्ण

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** विकास खंड बलदेव की ग्राम पंचायत किशनपुर के प्रधान द्वारा हैंडपंप रीबोर में कुछ हेरा फेरी की गई। इसकी शिकायत अधिवक्ता नंद किशोर पाराशर ने पूर्व जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह से की थी। इस मामले की जांच हेतु पूर्व जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र को जांच अधिकारी नामित किया था जिन्होंने ग्राम किशनपुर में पहुंचकर उक्त मामले की जांच की थी। जांच के आधार पर प्रधान को भ्रष्टाचार किए जाने का दोषी पाया था जिसके आधार पर प्रधान को वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार प्रतिबंधित करने के संबंध में कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था इसके पश्चात ग्राम पंचायत किशनपुर के प्रधान द्वारा



अपना लिखित स्पष्टीकरण दाखिल किया गया। प्रधान द्वारा दाखिल किए गए लिखित स्पष्टीकरण का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा पुनः दूसरी बार जांच कराई गई, लेकिन दूसरी बार कराई गई जांच के बाद भी प्रधान को दोष मुक्त किए जाने का कोई उचित आधार नहीं पाया गया। उसके बावजूद इसके तीसरी बार मामले को जांच के लिए भेजा गया और तीसरी बार जांच अधिकारी बदलते हुए जल निगम के एक्सईएन से जांच कराई गई जिन्होंने कल ग्राम पंचायत किशनपुर में पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया।

### तीसरी बार जल निगम के एक्सईएन द्वारा की गई है जांच

मौके के निरीक्षण की रिपोर्ट जल्द ही जिलाधिकारी को सौंप दी जाएगी। इससे अलग एक दूसरी शिकायत भी अधिवक्ता नंद किशोर पाराशर द्वारा की गई थी। इसकी जांच में भी प्रधान भ्रष्टाचार करने के दोषी पाए गए थे। यह शिकायत स्ट्रीट लाइटों में किए गए फर्जीवाड़े के संबंध में थी, परंतु हैंड पंप रीबॉर रिपोर्ट के इंतजार के चलते स्ट्रीट लाइट घोटाले के मामले में अभी कोई कार्यवाही जिलाधिकारी द्वारा नहीं की गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल का कहना है कि दोनों मामलों में एक साथ कार्यवाही की जाएगी।

## सुविचार

जो बाहर की सुनता है वो बिखर जाता है, जो भीतर की सुनता है वो संवर जाता है!

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | द्वितीया | 02:28-03:19 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | पूर्वाषाढ़ा | 09:57-11:20 तक | माह | ज्येष्ठ |
| सूर्योदय | | 5:44 AM | चन्द्रोदय | 08:25 PM |
| सूर्यास्त | | 7:08 PM | चंद्रास्त | 07:03 AM |
| सूर्य राशि | | वृषभ राशि | चंद्र | धनु राशि |
| शुभ मुहूर्त | 11:51AM –12:45 PM | | ब्रहम् मुहूर्त | 03:51-04:39 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | 02:07PM–03:47PM | | वार | गुरुवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन





ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### घर की छत पर पड़ा कूड़ा देता है दुर्भाग्य को दस्तक

# रुष्ट हो सकती हैं मां लक्ष्मी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वास्तु शास्त्र के अनुसार घर की छत पर पड़ा कूड़ा व्यक्ति के जीवन में कई परेशानियां ला सकता है। आज हम आपको छत पर कूड़ा रखने से जुड़े वास्तु के नियम और इससे जुड़ीं खास बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। हम सभी लोगों के घरों में कुछ ऐसा सामान पाया जाता है, जो हमारे किसी भी काम का नहीं होता है। अक्सर घर में पड़े इस बेकार सामान को घर की छत पर रख दिया जाता है। कई बार छत पर यह सामान महीनों और सालों तक पड़ा रहता है। वहीं छत पर होने के कारण सामान मौसम की बेवजह मार झेलता है और यह किसी काम का नहीं रहता है। वहीं लोहे के सामान में जंग लग जाती है। जो आपकी सेहत और पर्यावरण दोनों के लिहाज से ठीक नहीं है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर की छत पर पड़ा कूड़ा व्यक्ति के जीवन में कई परेशानियां ला सकता है। वास्तु शास्त्र के हिसाब से घर की छत पर पड़ा कूड़ा दुर्भाग्य को दस्तक देता है। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए छत पर कूड़ा रखने से जुड़े वास्तु के नियम और इससे जुड़ीं खास बातों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**आर्थिक हानि का कारण**

जिन लोगों के घर की छत पर कूड़ा होता है, उनको आर्थिक हानि भी हो सकती है। आपका पैसा ऐसी जगहों पर खर्च हो सकता है, जहां पर आपने सोचा भी नहीं होगा। आपको कोई बीमारी हो सकती है, जिसमें आपका पैसा खर्च हो जाए, या अचानक से घर में हुई टूट–फूट में पैसा खर्च हो सकता है।

**मानसिक और शारीरिक रोग**

घर की छत पर रखा कूड़ा आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है। घर की छत पर कूड़ा होने से व्यक्ति के सिर में भारीपन की समस्या हो सकती है। साथ ही मन में नकारात्मक विचार आने लगते हैं।

**कमजोर होता है भाग्य**

यदि आपके जीवन में अचानक से परेशानी आने लगी है, या फिर अधिक मेहनत के बाद भी भाग्य साथ नहीं दे रहा। तो संभव है कि घर की छत पर रखे कूड़े के नकारात्मक प्रभाव के कारण ऐसा हो। बता दें कि स्वच्छता में मां लक्ष्मी का वास होता है। ऐसे में अगर आपके घर की छत पर भी कूड़ा है, तो मां लक्ष्मी आपसे रुष्ट हो सकती हैं। साथ ही आपका भाग्य कमजोर हो सकता है।

**नकारात्मक प्रभाव देता है राहु**

घर की छत पर कूड़ा रखने से राहु ग्रह पीड़ित हो जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार नव ग्रहों में उन लोगों को अधिक कष्ट देता है, जो अपने आसपास के वातावरण को गंदा रखते हैं।

घर की छत ऐसी जगह है, जो खुली होती है ऐसे में छत पर रखा कूड़ा सिर्फ घर को ही प्रदूषित नहीं करता है, बल्कि इसका नकारात्मक असर आपके घर पर भी पड़ता है। वहीं इससे वातावरण भी प्रदूषित होता है।

**खराब होता है वैवाहिक जीवन**

घर की छत पर कूड़ा रखने से इसका असर आपकी लव लाइफ पर भी पड़ सकता है। आपके पार्टनर को छोटी–छोटी बातों पर गुस्सा आ सकता है। जिसके कारण आपके रिश्ते बिगड़ सकते हैं। पति–पत्नी के बीच घरेलू कलह और गलतफहमियां बढ़ सकती हैं और रिश्ते में दूरियां आने लगती हैं।

# गौरी गोपाल आश्रम में भजनों पर झूमे श्रोता



गौरी गोपाल आश्रम में भजनों की प्रस्तुति देते भक्त।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री कृष्णा सामूहिक संकीर्तन मंडल के बैनर तले ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा परगौरी गोपाल आश्रम में भजन संध्या का आयोजन किया। उसका शुभारंभ नारायण प्रसाद शर्मा, पंकज शर्मा व मनमोहन सर्राफ ने ठाकुर केशव देव महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरू किया। कार्यक्रम में मनमोहन ने भजन गाते हुए नजरिया मत मारे मर जाऊंगी रे, विजय बंसल ने मुझे मिला रंगीला यार ब्रज की गलियो में, दीपक शर्मा ने राधा नाम की लगाई फुलवारी की पत्ता पत्ता श्याम बोलता भजनों की प्रस्तुति की। भजनों को सुनकर भक्त झूमने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम में राजकुमार अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, कृष्ण गोपाल शर्मा, योगेंद्र गोयल, वीरेंद्र मित्तल तथा राकेश, आदि मौजूद थे।

# श्रीमद्भागवत के समापन पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन



भंडारे के दौरान मंच पर मौजूद सरदारी।

**यूनिक समय, छाता।** कस्बे के ओल्ड जीटी रोड स्थित हनुमान बगीची पर बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन महंत श्रीश्री 108 श्री बाबा गोपाल दास महाराज के सांनिध्य में हुआ। इसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत गोपाल दास ने कहा कि सर्व समाज के सहयोग से भंडारा सम्पन्न हुआ है। नगर के चेयरमैन प्रतिनिधि ठा. फाल्गुन उर्फ कान्हा ने कच्चा पडे हनुमान बगीची प्रांगण को पक्का कराने का आश्वासन हुए कहा कि जल्द ही हनुमान बगीची का सम्पूर्ण प्रांगण पक्का होगा।

ठा. सुरेन्द्र सिंह एडवोकेट, देशराज जादौंन, ठा. त्रिलोकी मैंबर, भोला मैंबर, लेखराज मास्टर, परशराम बघेल पूर्व सभासद, सतीश जादौंन, ठा. पूरन सिंह, सुभाष, गिर्राज बघेल, पुष्पेन्द्र, तरूण आदि मौजूद रहें। संचालन महेश शर्मा ने किया।

# भूलकर भी इस दिन नए कपड़े खरीदने या पहनने की न करें गलती

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अगर आप भी नया कपड़ा खरीदने जा रहे हैं या पहनने की सोच रहे हैं तो जरा रुकिए। पहले ये तो देख लीजिए कि आज कौन सा वार है? जी हां, आज मंगलवार है, बुधवार, गुरुवार या शुक्रवार या फिर शनिवार? ये जरूर चेक कर लीजिएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि हिन्दू धर्म में हर दिन नए कपड़े को खरीदना या फिर पहनना शुभ नहीं माना गया है।

कुछ खास दिन हैं जब कपड़े की खरीदारी करनी चाहिए। जबकि, नए कपड़े पहनने के लिए भी शुभ दिन बताया गया है।आपको जानकर हैरानी हो सकती है लेकिन शास्त्रों में कपड़ों के संबंध में कहा गया है कि ये भी भाग्य बिगड़ने के जिम्मेदार हो सकते हैं। अक्सर जो लोग सिर्फ पुराने कपड़ों को सालों–साल पहनते रहते हैं वो असल में पुरानी नेगेटिविटी को अपनी लाइफ में जगह दे रहे होते हैं। कपड़ों से भी जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं किस दिन नए कपड़े पहनने या खरीदने चाहिए?

ज्योतिष के अनुसार बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को नए कपड़े पहनना चाहिए। इस दिन नए कपड़ों की खरीदारी करना और नए कपड़े पहनना शुभ होता है। ऐसा करने पर आपको कई तरह से तरक्की मिल सकेगी। आपको नई ऊर्जा महसूस होगी। नए कपड़ों को धारण करके आप अपनी जिंदगी में उन्नति, धन और दौलत हासिल कर सकते हैं। ज्योतिष के अनुसार कुछ दिन ऐसे भी जब नए कपड़े नहीं पहनने चाहिए। दरअसल, सोमवार, मंगलवार और शनिवार के दिन नए कपड़ों को पहनना शुभ नहीं माना गया है। कहते हैं इस दिन नए कपड़े पहनने से कई कामों में बाधाएं भी आने लगती हैं।

अगर आपको इस दिन नए कपड़े को पहनकर जाना है तो एक बार के लिए उसे आप पहले ही बस पहनकर उतार लीजिए और फिर बाद में आप पहन सकते हैं। इस तरह से आपका कपड़ा नया नहीं रहेगा और आप इन 3 दिन में भी नए कपड़े पहन सकेंगे। किस दिन कपड़े खरीदना शुभ? नया कपड़ा खरीदना है तो ज्योतिष के अनुसार शुक्रवार का दिन शुभ होता है। ये दिन विशेषतौर पर शुक्र ग्रह को समर्पित है। मान्यता है कि इस दिन नए कपड़े खरीदने से व्यक्ति को कई लाभ होते हैं। शुक्रवार के दिन कपड़े खरीदने पर जीवन सुखमय, धन–धान्य, समृद्धि और ऐश्वर्य से परिपूर्ण होता है।

# अमरनाथ गुफा के प्रथम दर्शन के साथ शुरू हुई यात्रा की तैयारियां



**यूनिक समय, मथुरा।** अमरनाथ यात्रा 2025 की तैयारियों को लेकर श्रद्धालुओं के बीच उत्साह चरम पर है। 11 जून 2025 को ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर अमरनाथ की पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के प्रथम दर्शन किए गए। इस अवसर पर अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा विधिपूर्वक पूजा–अर्चना की गई। इस शुभ आरंभ के साथ ही यात्रा से जुड़ी तमाम व्यवस्थाएं तेज़ी से शुरू कर दी गई हैं।

अमरनाथ यात्रा भारत की सबसे कठिन और पवित्र तीर्थ यात्राओं में से एक मानी जाती है। जम्मू–कश्मीर में स्थित यह गुफा समुद्र तल से लगभग 3880 मीटर की उंचाई पर स्थित है और पहलगाम से इसकी दूरी करीब 34 किलोमीटर है। यहां बनने वाला प्राकृतिक हिमलिंग भगवान शिव का प्रतीक माना जाता है, जिसे हर साल लाखों श्रद्धालु देखने आते हैं।

अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष और जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जानकारी दी कि ज्येष्ठ पूर्णिमा पर हुई पूजा के बाद यात्रा की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई 2025 से शुरू होकर 9 अगस्त 2025 तक चलेगी। कुल 38 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा के लिए पंजीकरण पहले से ही ऑनलाइन व ऑफलाइन मोड में शुरू किया जा चुका है।

पिछले वर्ष लगभग 5 लाख श्रद्धालुओं ने यात्रा में भाग लिया था और इस वर्ष भी इतनी ही संख्या में भक्तों के आने की संभावना है। यात्रा मार्ग में बेहतर सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, ट्रांसपोर्ट और ठहरने की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए सरकार और श्राइन बोर्ड मिलकर प्रयासरत हैं।

अमरनाथ गुफा को लेकर एक विशेष धार्मिक मान्यता है। कहा जाता है कि इसी गुफा में भगवान शिव ने माता पार्वती को अमरत्व का रहस्य यानी अमर कथा सुनाई थी। यह भी माना जाता है कि उस समय दो कबूतरों ने यह कथा सुनी और वे अमर हो गए। पुराणों में यह उल्लेख मिलता है कि अमरनाथ के दर्शन करने से भक्तों को काशी से दस गुना और प्रयाग से सौ गुना अधिक पुण्य प्राप्त होता है। यही कारण है कि श्रद्धालु हर वर्ष कठिन यात्रा करने के बावजूद यहां पहुंचते हैं। इस वर्ष भी हजारों भक्तों की आस्था बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पर्वतों की उंचाइयों को पार करेगी।

## सम्पादकीय

# ट्रंप की नीतियों ने भड़काई अराजकता की आग

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति के बाद अब वहां अवैध प्रवासियों का मुद्दा खड़ा हो गया है। इनके खिलाफ छापेमारी और गिरफ्तारी के विरोध में अमेरिका का लॉस एंजिल्स इन दिनों धधक रहा है। आगजनी, उपद्रव व दंगों की आंच न्यूयार्क तक जा पहुंची है। पिछले चार दिन से अमेरिका में हिंसक प्रदर्शन, तोड़फोड़ व आगजनी के बीच पुलिस विद्रोहियों को रोकने के लिए बल प्रयोग कर रही है। लॉस एंजिल्स में तो हालात पर काबू पाने के लिए गवर्नर की अनुमति के बिना नेशनल गार्ड्स तैनात करने से विवाद और बढ़ गया है। किसी राज्य में नेशनल गार्ड्स की नियुक्ति के अधिकार को लेकर ट्रंप पर ही सवाल उठाए जा रहे हैं। दूसरी ओर प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई के बीच ट्रंप के बयान आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। डिपोर्टेशन पॉलिसी के तहत अवैध तौर पर रह रहे प्रवासियों को पकड़–पकड़ कर अमरीका से खदेड़ा जा रहा है। पिछले दिनों लॉस एंजिल्स में चलाए गए छापेमारी के विशेष अभियान के बाद से ही वहां हिंसा की आग सुलग उठी है। इस हिंसा से आक्रोशित डॉनल्ड ट्रंप ने मास्क में दिखने वाले प्रदर्शनकारियों को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यहां तक कहा है कि लॉस एंजिल्स में अवैध प्रवासियों का कब्जा हो गया है और इन्हें जल्द से जल्द खदेड़ा जाएगा। जाहिर है, अमरीका में हालात अराजकता जैसे बन गए हैं। यह बात सही है कि हर देश को अपनी नीतियां तय करने का अधिकार होता है। अमरीकी राष्ट्रपति भी ऐसा ही कर रहे हैं, लेकिन उनकी नीतियों को लेकर असहमति और नाराजगी के स्वर जिस तरह से उठने लगे हैं, उससे साफ लगता है कि पहले टैरिफ नीति और अब अवैध प्रवासियों के मुद्दे से निपटने में ट्रंप प्रशासन की कहीं न कहीं कमजोरी रही है। दरअसल, अवैध प्रवासियों से निपटने में अमरीका का रुख ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद से ही विवादित रहा। एक बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में अमरीका ने इस मुद्दे को संभालने के लिए लगभग तानाशाहीपूर्ण रवैया ही अख्तियार किया। दुनिया के कई देशों के साथ भारत तक को इससे प्रभावित होना पड़ा। अमरीका में प्रवासी भारतीयों को यातनाएं देते हुए बंधक बनाकर अमानवीय तरीके से अमरीका से बेदखल किया गया था। अमरीका का ऐसा ही रवैया अन्य देशों के प्रति भी रहा। ताजा प्रसंग में तो ट्रंप ने विरोध प्रदर्शन का दोष अपने दो राज्यों कैलिफोर्निया और लॉस एंजिल्स के गवर्नर और मेयर पर मढ़ दिया।



पवन गौतम
संपादक

इसमें कोई संदेह नहीं कि अमरीका की नीतियों का दुनिया के तमाम देशों पर किसी न किसी रूप में प्रभाव पड़ता है। लेकिन ट्रंप प्रशासन को यह याद रखना होगा कि आग की आंच खुद पर आते भी देर नहीं लगती। ताजा विरोध प्रदर्शन में तो अमरीका के नागरिक ही एक दूसरे के खिलाफ खड़े हो गए हैं। इन नीतियों का अंजाम कुछ भी हो, नुकसान अमरीका का होगा ही।

## नजरिया

# साइबर अपराध : बढ़ते खतरे और जागरूकता की आवश्यकता

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मी

आज की दुनिया में तकनीक ने जितनी तेज़ी से विकास किया है, उतनी ही तेज़ी से इसके दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं। इंटरनेट और मोबाइल फोन ने जहां आमजन का जीवन सरल और सुगम बना दिया है, वहीं इसी तकनीकी विकास ने अपराधियों को एक नया मंच भी दे दिया है। यह मंच है साइबर स्पेस का, जहां पर अपराधी देश की सीमाओं से परे बैठकर किसी भी व्यक्ति को ठग सकते हैं, उसकी निजी जानकारी चुरा सकते हैं या उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर सकते हैं।

साइबर अपराध अब केवल भारत तक सीमित नहीं है। यह एक वैश्विक समस्या बन चुका है। अगर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बात करें तो साइबर अपराध के मामलों में रूस पहले पायदान पर है और यूक्रेन दूसरे स्थान पर आता है। इनके बाद चीन, अमेरिका, नाइजीरिया और रोमानिया जैसे देशों का नंबर आता है। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि साइबर ठगों की पहुंच अब सीमाओं से परे हो चुकी है। वे जहां चाहें, जिसे चाहें, बड़ी ही चतुराई से अपना शिकार बना सकते हैं।

भारत में भी यह समस्या दिन–ब–दिन गंभीर होती जा रही है। विडंबना यह है कि सरकार और मीडिया की तमाम कोशिशों के बावजूद आज भी केवल 18 प्रतिशत भारतीयों को ही यह पता है कि साइबर अपराध की शिकायत कहां और कैसे करनी है। यह आंकड़ा राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जनवरी से मार्च 2025 के बीच कराए गए सर्वेक्षण से सामने आया है। दूसरी ओर, डिजिटल लेन–देन खासकर यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने वालों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। वर्ष 2022–23 में जहां लगभग 38 फीसदी लोग ऑनलाइन भुगतान करते थे, अब वह संख्या 50 प्रतिशत के करीब पहुंच चुकी है। ऑनलाइन पेमेंट अब हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। लोग अब नकदी रखने से परहेज़ करने लगे हैं। छोटे दुकानदार, सब्जी बेचने वाले, यहां तक कि दो से पांच रुपये के सामान की खरीद–फरोख्त भी अब डिजिटल माध्यम से हो रही है। यह सुविधा जितनी सरल प्रतीत होती है, उतनी ही खतरनाक तब बन जाती है जब जालसाज इसका दुरुपयोग करते हैं। पिछले तीन वर्षों में साइबर अपराध के मामलों में तीन गुना तक वृद्धि हुई है। सरकार की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब मोबाइल कॉल करने से पहले कॉलर ट्यून में साइबर अपराध से सतर्क रहने की चेतावनी सुनाई देती है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों, जैसे इंस्टाग्राम और फेसबुक, पर भी समय–समय पर साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग से सतर्क रहने के संदेश प्रसारित किए जाते हैं।



इसके बावजूद साइबर ठगी के मामले घटने की बजाय लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इन साइबर अपराधों का सबसे ज्यादा शिकार वे लोग हो रहे हैं जो पढ़े–लिखे और समाज में समझदार माने जाते हैं। डॉक्टर, प्रोफेसर, प्रशासनिक अधिकारी, रिटायर्ड जज, और व्यवसायी जैसे संभ्रांत वर्ग के लोग, जिन्हें तकनीक की बेहतर समझ मानी जाती है, वे भी साइबर ठगों के झांसे में आकर लाखों–करोड़ों की ठगी झेल चुके हैं।

यह केवल किसी तकनीकी जानकारी की कमी नहीं है, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक रणनीति का परिणाम है जिसमें ठग डर और भ्रम का माहौल बना देते हैं। वे पुलिस, ईडी, या अन्य किसी सरकारी एजेंसी का अधिकारी बनकर पीड़ित को डराते हैं और झूठे आरोपों में फंसाने की धमकी देकर ठगी को अंजाम देते हैं। कई बार ये लोग लगातार ऑडियो या वीडियो कॉल करके मानसिक दबाव बनाते हैं, जिससे पीड़ित व्यक्ति घबरा कर उनकी बातों में आ जाता है। डिजिटल अरेस्ट एक नया और बेहद खतरनाक ट्रेंड बनकर उभरा है। इसमें ठग दावा करते हैं कि व्यक्ति किसी अपराध में संलिप्त है और यदि वह तुरंत सहयोग नहीं करता तो उसे जेल भेजा जा सकता है। इसके लिए वे उसे एक वीडियो कॉल पर रखते हैं और मनोवैज्ञानिक रूप से उसे इतना भयभीत कर देते हैं कि वह किसी से बात करने या शिकायत करने की हिम्मत तक नहीं कर पाता। इस प्रक्रिया में वे कई दिनों तक लगातार बातचीत करते हैं और धीरे–धीरे बड़ी रकम की ठगी कर लेते हैं।

सरकार ने झारखंड के जामताड़ा जैसे बड़े साइबर अपराध के अड्डों को खत्म करने में कुछ हद तक सफलता पाई है। परंतु अब देश में 74 से अधिक जिलों में साइबर ठगी के हॉटस्पॉट विकसित हो चुके हैं। इनमें हरियाणा का नूंह, राजस्थान का डीग और अलवर, झारखंड का देवघर और बिहार का नालंदा प्रमुख हैं। ये जिले अब नए साइबर जाल का केंद्र बन चुके हैं, जहां से हर दिन हजारों की संख्या में फर्जी कॉल और मैसेज भेजे जाते हैं।

सरकार, बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान लगातार मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। कॉलर ट्यून, विज्ञापन, सोशल मीडिया, और अन्य माध्यमों से यह बताया जा रहा है कि कोई भी बैंक या सरकारी संस्था कभी भी ओटीपी या पासवर्ड नहीं मांगती। इसके बावजूद कई लोग ऐसे कॉल पर भरोसा कर बैठते हैं और अपने खाते की जानकारी साझा कर देते हैं।

दुखद स्थिति यह है कि कुछ लोग डर के मारे किसी को बताते तक नहीं कि वे ठगी का शिकार हो गए हैं। उन्हें लगता है कि समाज उन्हें दोषी समझेगा या फिर उनके साथ मज़ाक किया जाएगा। यही मानसिकता साइबर अपराधियों की सबसे बड़ी ताकत बन जाती है।

यह आवश्यक है कि हम इस मानसिकता को तोड़ें और साइबर ठगी की घटनाओं को छिपाने की बजाय खुलकर सामने लाएं। किसी भी प्रकार की धमकी या लालच मिलने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें। साइबर अपराध की शिकायत आप आसानी से भारत सरकार की वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर कर सकते हैं या 1930 पर कॉल कर सकते हैं। साइबर अपराध से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि हम सतर्क रहें और अपनी जानकारी को सुरक्षित रखें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अज्ञात नंबर से आई कॉल पर बैंकिंग जानकारी साझा न करें और कोई ओटीपी मांगे तो बिना सोच–विचार के उसे न बताएं। यह भी जरूरी है कि केवल सरकारी संस्थाएं ही नहीं, बल्कि समाज के अन्य वर्ग जैसे शिक्षक, सामाजिक संगठन, एनजीओ, और मीडिया भी इस दिशा में काम करें। हमें एक साझा सामाजिक प्रयास की जरूरत है जिसमें हर नागरिक को साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी जाए और उसे साइबर साक्षर बनाया जाए।

देश डिजिटल हो रहा है, लेन–देन मोबाइल से हो रहा है, दस्तावेज क्लाउड में सुरक्षित हैं, और हमारी पहचान अब आधार से जुड़ी हुई है। ऐसे में यदि हम खुद ही सावधानी नहीं बरतेंगे, तो कोई तकनीक या कानून हमें नहीं बचा सकता। यह दौर केवल स्मार्टफोन रखने का नहीं, बल्कि स्मार्ट सोच रखने का है। अगर हम तकनीक का उपयोग कर रहे हैं तो हमें उससे जुड़े खतरों की भी जानकारी होनी चाहिए। अंततः यही कहा जा सकता है कि साइबर ठगी केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना की परीक्षा भी है। जब तक आम नागरिक जागरूक नहीं होंगे, तब तक सरकार या कानून अकेले इसे नहीं रोक सकते। इसलिए सजग रहें, सतर्क रहें और साइबर अपराध के खिलाफ एकजुट होकर लड़ें।

## विचार विण्डो

# सोशल मीडिया बच्चों को हिंसक एवं बीमार बना रहा है

ललित गर्ग

आज के दौर में स्मार्टफोन केवल बड़ों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह बच्चों के हाथों में भी पहुँच चुका है। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें और खिलौने होने चाहिए, उस उम्र में वे मोबाइल की स्क्रीन में खोए रहते हैं। चाहे वह व्हाट्सएप हो, फेसबुक हो, या फिर मोबाइल गेम्स–आज का बच्चा तकनीक के इस जाल में फँसता जा रहा है। यह लत बनती जा रही है, और धीरे–धीरे यह लत एक मानसिक, सामाजिक एवं नैतिक संकट का रूप ले चुकी है।

स्मार्टफोन और सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहा है। बच्चों का बचपन, जो कभी खेलकूद, परिवार की कहानियों और सामाजिक मेलजोल में बीतता था, अब डिजिटल दुनिया की चकाचौंध में गुम होता जा रहा है। वे कहानियाँ जो कभी दादी–नानी सुनाया करती थीं, अब शेल्फ पर धूल फांक रही हैं और उनके स्थान पर यूट्यूब की असंवेदनशील वीडियो और हिंसक गेम्स ने ले लिया है। विशेषज्ञ इस बदलाव को लेकर गंभीर चिंता जता रहे हैं। उनका कहना है कि सोशल मीडिया और मोबाइल गेम्स ने बच्चों को अनैतिक, जिद्दी, उग्र और आक्रामक बना दिया है। यह केवल एक मनोरंजन की लत नहीं है, बल्कि मानसिक विकृति और सामाजिक अलगाव की ओर ले जाने वाली खतरनाक दिशा है। सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग ने बच्चों के परिवार और समाज के प्रति व्यवहार को भी प्रभावित किया है। उन्हें समय की कीमत नहीं समझ आती, न ही रिश्तों की अहमियत।

अब तो यह भी देखने में आ रहा है कि बच्चे स्कूल का होमवर्क करने या किताबें पढ़ने से ज्यादा समय मोबाइल में बिताते हैं। वे समस्या का समाधान सोचने या किताबों में ढूँढने के बजाय गूगल और यूट्यूब की शरण में जाते हैं। इससे उनकी सृजनात्मकता, विश्लेषण क्षमता और धैर्य का क्षरण हो रहा है। टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की एक अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट बताती है कि भारत के महानगरों और शहरी इलाकों में बच्चे कहानी सुनने की पारंपरिक आदत से दूर होते जा रहे हैं। माता–पिता डिजिटल विकल्पों को प्राथमिकता दे रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2012 में जहाँ 64% माता–पिता रोज अपने बच्चों को कहानी सुनाते थे, अब यह संख्या घटकर केवल 41% रह गई है। जेन जेड माता–पिता–जो 1996 से 2010 के बीच पैदा हुए हैं–उन्हें यह कार्य एक 'थकाऊ ज़िम्मेदारी' लगने लगा है। इस डिजिटल लत ने न केवल बच्चों को कहानियों और किताबों से दूर किया है, बल्कि उन्हें मानव संपर्क और भावनात्मक समझ से भी वंचित कर दिया है। जब एक बच्चा असली जीवन की जगह वर्चुअल दुनिया में जीना शुरू कर देता है, तो उसके विचार, भावनाएं और व्यवहार उस आभासी दुनिया की तरह बन जाते हैं–जहाँ दिखावा, हिंसा और संवेदनहीनता का बोलबाला है। बच्चों की एकाग्रता, स्मृति क्षमता और सोचने–समझने की शक्ति भी इस आभासी दुनिया के प्रभाव में कम हो रही है। वे हमेशा किसी तेज़ उत्तेजना की तलाश में रहते हैं, जिससे उनकी धैर्यशीलता खत्म होती जा रही है। इससे वे चिड़चिड़े और आक्रामक हो जाते हैं।

इस समस्या की गंभीरता तब और बढ़ जाती है जब मोबाइल की लत किसी बच्चे को आत्महत्या या हिंसा जैसे खतरनाक रास्ते की ओर धकेल देती है। हरियाणा में 9 साल के एक बच्चे ने जब उसका मोबाइल छीन लिया गया, तो उसने खुद को नुकसान पहुँचाने की कोशिश की। भोपाल की प्रिया, जो रात भर व्हाट्सएप पर सक्रिय रहती थी, अब मानसिक अस्पताल में काउंसलिंग ले रही है।

ग्रेटर नोएडा में एक 16 वर्षीय किशोर ने केवल इस वजह से अपनी माँ और बहन की हत्या कर दी क्योंकि उन्होंने उसका मोबाइल छीन लिया था। वह बच्चा दिन–रात हिंसक गेम्स खेलता था और जब उसे रोका गया, तो उसने अपना आपा खो दिया। कोटा में भी इसी तरह का एक मामला सामने आया, जहाँ एक किशोर ने आत्महत्या कर ली क्योंकि उसे पबजी गेम खेलने से रोका गया था।यह घटनाएँ अकेली नहीं हैं। देश के बड़े अस्पतालों में अब मोबाइल एडिक्शन के लिए विशेष क्लीनिक खुल चुके हैं और वहाँ आने वाले बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

यह समझना ज़रूरी है कि मोबाइल या सोशल मीडिया का इस्तेमाल अपने आप में बुरा नहीं है, लेकिन जब यह संतुलन खो देता है, तब यह घातक बन जाता है। तकनीक हमारे जीवन को सुविधाजनक बना सकती है, लेकिन इसका असंतुलित प्रयोग जीवन को बर्बाद भी कर सकता है। सोशल मीडिया कंपनियाँ भी इस लत को बढ़ावा देने के लिए तरह–तरह के ऐप्स और गेम्स बाजार में ला रही हैं, जो बच्चों को लगातार बाँधे रखते हैं। ये कंपनियाँ यह भलीभाँति जानती हैं कि बच्चों के लिए इनका उपयोग कितना घातक हो सकता है, फिर भी वे केवल अपने मुनाफे के लिए बच्चों को मानसिक रोगी बना रही हैं। इसलिए समय आ गया है कि हम इस विषय पर गंभीरता से सोचें और समाज, परिवार और सरकार–तीनों मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएँ। हमें अपने बच्चों को फिर से कहानियों, खेलों, कला, संगीत और संवाद की ओर लौटाना होगा। माता–पिता को अपने बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए, उन्हें केवल डिवाइस देकर शांत नहीं कराना चाहिए। बच्चों के मनोविज्ञान को समझकर उन्हें सकारात्मक दिशा में प्रोत्साहित करना जरूरी है। सरकार को चाहिए कि वह बच्चों के लिए सोशल मीडिया और हिंसक गेम्स के उपयोग पर कुछ ठोस नियामक दिशा–निर्देश जारी करे। स्कूलों और शिक्षण संस्थानों को डिजिटल साक्षरता के साथ–साथ डिजिटल मर्यादा और संतुलित उपयोग की शिक्षा देनी चाहिए। बच्चों को यह भी सिखाना होगा कि ऑनलाइन दुनिया में हर चीज़ सही नहीं होती। उन्हें साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड, और सोशल मीडिया के मानसिक प्रभाव के बारे में जागरूक करना होगा। बच्चों की मानसिक शांति, भावनात्मक सुरक्षा और शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है कि वे मोबाइल की दुनिया से बाहर आकर प्रकृति, परिवार और पुस्तक की ओर लौटें। यदि हमने समय रहते इस दिशा में गंभीर कदम नहीं उठाए, तो आने वाली पीढ़ी मानसिक, सामाजिक और नैतिक रूप से अक्षम, अस्थिर और असंवेदनशील हो जाएगी। एक स्वस्थ और संतुलित समाज के निर्माण के लिए हमें बच्चों को तकनीक से नहीं, संस्कारों से जोड़ना होगा।

## साउथ डायरेक्टर के साथ प्लानिंग

# आमिर खान बॉलीवुड को देंगे दूसरा सुपरहीरो

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आमिर खान एक बार फिर से बड़े पर्दे पर जबरदस्त वापसी करने जा रहे हैं। अपनी नई फिल्म 'सितारे जमीं पर' के प्रमोशन में बिज़ी आमिर अब न सिर्फ इस इमोशनल ड्रामा को लेकर सुर्खियों में हैं, बल्कि उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट से सभी को हैरान कर दिया है। 'सितारे जमीं पर' 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है और इसके बाद आमिर एक नई दिशा में कदम रखने की तैयारी कर चुके हैं एक मेगा बजट सुपरहीरो फिल्म, जो बॉलीवुड को उसका अगला बड़ा सुपरहीरो देने वाली है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान आमिर खान ने इस बात का खुलासा किया कि वे साउथ के मशहूर निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ मिलकर एक सुपरहीरो फिल्म पर काम कर रहे हैं।

लोकेश को साउथ इंडस्ट्री में हाई ऑक्टेन एक्शन और ग्रिपिंग स्क्रिप्ट के लिए जाना जाता है। उन्होंने 'कैथी', 'विक्रम' और 'मास्टर' जैसी हिट फिल्में बनाई हैं, और अब वो आमिर खान के साथ पहली बार एक बॉलीवुड फिल्म में सहयोग करने जा रहे हैं। यह कॉलेबोरेशन दोनों ही इंडस्ट्रीज़ के लिए एक बड़ा माइलस्टोन माना जा रहा है। आमिर खान ने इंटरव्यू में बताया कि लोकेश अभी 'कैथी' के अगले भाग की शूटिंग में व्यस्त हैं और उनके साथ की सुपरहीरो फिल्म की शूटिंग अगस्त–सितंबर




2026 में शुरू होगी। हालांकि फिल्म के प्लॉट और किरदारों के बारे में उन्होंने अभी कोई खुलासा नहीं किया, लेकिन इतना जरूर कहा कि यह फिल्म बड़े पैमाने पर एक्शन और विजुअल्स से भरपूर होगी और इसका स्केल अब तक की किसी भी बॉलीवुड सुपरहीरो फिल्म से बड़ा होगा।

इस फिल्म को लेकर दर्शकों में अभी से उत्साह है। जिस तरह ऋतिक रोशन ने 'कृष' के रूप में बॉलीवुड को उसका पहला सफल सुपरहीरो दिया था, उसी तरह अब आमिर खान भी दर्शकों को नया सुपरहीरो देने की तैयारी में हैं। 'कृष' की सफलता ने यह साबित किया था कि अगर सही स्क्रिप्ट और तकनीकी सपोर्ट हो तो भारत में सुपरहीरो फिल्मों का भरपूर स्कोप है। अब देखना होगा कि आमिर और लोकेश की जोड़ी इस उम्मीद पर कितना खरा उतरती है। दूसरी ओर, आमिर की आने वाली फिल्म 'सितारे जमीं पर एक सामाजिक विषय पर आधारित है। यह फिल्म 1,250 स्क्रीन पर रिलीज हो रही है, लेकिन इसका वितरण मॉडल पारंपरिक नहीं होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म को एक फ्लेक्सिबल रिलीज़ स्ट्रैटेजी के तहत उतारा जाएगा।

यानी, दर्शकों की प्रतिक्रियाओं और मांग के अनुसार शो की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकेगी। आमिर खान का मानना है कि कंटेंट की ताकत ही आज फिल्मों को टिकाती है और इसी कारण उन्होंने शुरुआत में सीमित स्क्रीन पर फिल्म

### अपकमिंग फिल्म 'सितारे जमीं पर' का जबर्दस्त प्रमोशन

रिलीज करने का फैसला लिया है। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि आमिर इस फिल्म को लेकर काफी आत्मविश्वास में हैं। उन्हें पता है कि आज के दर्शक फिल्मों को चुनते समय काफी समझदारी दिखाते हैं, और उन्हें ऐसे विषय ज्यादा पसंद आते हैं जो सोचने पर मजबूर करें। 'सितारे जमीं पर' भी एक ऐसा ही विषय है, और इस फिल्म के जरिए आमिर फिर एक बार दर्शकों के दिल को छूने वाले हैं। इस वक्त दर्शकों की नजर आमिर की दोनों फिल्मों पर है। एक तरफ भावनात्मक और सामाजिक संदेश देने वाली 'सितारे जमीं पर', और दूसरी तरफ एक हाई–बजट एक्शन से भरपूर सुपरहीरो ड्रामा। जहां एक फिल्म दिल से जुड़ने की कोशिश करेगी, वहीं दूसरी फिल्म एक नया सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है। आमिर खान हमेशा से ही अपने फिल्मों की चयन प्रक्रिया को लेकर जाने जाते हैं। वे सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि संदेश देने वाली फिल्में बनाते हैं। 'लगान', 'तारे जमीं पर', 'दंगल' जैसी फिल्मों से उन्होंने दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई है।

# चार देशों के टूर्नामेंट के लिए जूनियर हॉकी टीम तैयार



### हुंडल संभालेंगे टीम की कमान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 जून से जर्मनी के बर्लिन में शुरू हो रहे चार देशों के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी, जिसमें कप्तानी का जिम्मा अनुभवी ड्रैग फ्लिकर अराइजीत सिंह हुंडल को सौंपा गया है। यह टूर्नामेंट जूनियर विश्व कप 2025 की तैयारी का एक अहम हिस्सा है, जो इस साल के अंत में भारत के चेन्नई और मदुरै में आयोजित होना है। टूर्नामेंट में भारत के अलावा मेज़बान जर्मनी, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया की टीमें भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता 21 से 25 जून तक चलेगी, जिसमें सभी टीमें राउंड रोबिन फॉर्मेट में एक–दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। टॉप दो टीमें फाइनल में भिड़ेंगी, जबकि बाकी दो टीमें तीसरे स्थान के लिए क्लासिफिकेशन मैच खेलेंगी। इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर की अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ अनुभव दिलाना है, जिससे वे विश्व कप के लिए मानसिक और तकनीकी रूप से तैयार हो सकें। टीम में बिक्रमजीत सिंह और विवेक लाकड़ा को गोलकीपर के तौर पर शामिल किया गया है। डिफेंस लाइन में आमिर अली (उप कप्तान), शारदानंद तिवारी, तालेम प्रियोबार्ता, सुनील पीबी, अनमोल एक्का, रोहित, रवनीत सिंह और सुखविंदर को जगह दी गई है। मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन में भी कई होनहार खिलाड़ी शामिल हैं, जिनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। स्टैंडबाई खिलाड़ियों में आदर्श जी (गोलकीपर), प्रशांत बाली (डिफेंडर), चंदन यादव (मिडफील्डर) और मोहम्मद कोनेन दाद (फॉरवर्ड) को शामिल किया गया है। कोचिंग स्टाफ ने खिलाड़ियों की ट्रेनिंग और फिटनेस से संतुष्टि जताई है और उम्मीद जताई है कि यह दौरा खिलाड़ियों के लिए सीखने का महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।

# भाईजान की वापसी, फिट लुक ने सबको चौंकाया

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान अपनी दमदार पर्सनालिटी और फिट बॉडी के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में एक फैन ने इंस्टाग्राम पर सलमान खान के साथ एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें सलमान बेहद फिट और यंग नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को देखकर फैन्स हैरान रह गए और उनकी फिटनेस की खूब तारीफ की। सलमान खान ने न केवल खुद एक बेहतरीन बॉडी बनाई है, बल्कि युवाओं में फिटनेस को लेकर एक नया ट्रेंड भी शुरू किया है। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने फैन्स के साथ तस्वीरें और अपडेट्स शेयर करते रहते हैं। ईद के मौके पर भी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की थी और फैन्स को बधाई दी थी। हाल ही में उनकी फिल्म सिकंदर




सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जो अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। हालांकि अभी तक सलमान की अगली फिल्म की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन उनके फैन्स को जल्द किसी नए प्रोजेक्ट का इंतजार है।

इसके साथ ही सलमान खान का पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस अब अपने 19वें सीजन की तैयारी में है। उम्मीद है कि इस बार भी सलमान ही शो को होस्ट करेंगे, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फैन्स बेसब्री से उन्हें दोबारा पर्दे पर देखने के लिए तैयार हैं।

# 14 साल बाद फिल्मों में वापस लौटे अभिनेता फरदीन खान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अभिनेता फरदीन खान ने हाल ही में फिल्म हाउसफुल 5 के सेट से कुछ बीटीएस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं। हालांकि, उन्होंने साथ ही अपने फैंस को सख्त संदेश देते हुए कहा कि धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। फरदीन ने "खुद के लिए नोट... धूम्रपान से कैंसर, दिल की बीमारी, फेफड़ों की समस्या और समय से पहले मौत हो सकती है। आज ही छोड़ दें। आपका शरीर, परिवार



और भविष्य आपको इसके लिए धन्यवाद देगा।" उन्होंने स्पष्ट किया कि सिगार पीना उनके किरदार की डिमांड थी और यह केवल शूटिंग का हिस्सा था। फरदीन खान ने 12 साल के लंबे ब्रेक के बाद फिर से फिल्मों में वापसी की है।

# करण जौहर ने जिसे निकाला था, अब वही बना हीरो

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** करण जौहर और कार्तिक आर्यन के बीच 2021 में तनाव तब शुरू हुआ जब कार्तिक को अचानक "दोस्ताना 2" से बाहर कर दिया गया। इसके बाद दोनों के बीच दूरी की खबरें सामने आईं। हालांकि अब तीन साल बाद दोनों ने अपने पुराने मतभेद भुलाकर साथ काम करने का फैसला किया है। वे जल्द ही रोमांटिक–कॉमिडी फिल्म "तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी" में नजर आएंगे। करण जौहर ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने आपसी बातचीत से मसले सुलझाए और आगे बढ़ने का फैसला किया। उन्होंने कार्तिक को मेहनती और दर्शकों का चहेता कलाकार बताया। करण ने फिल्म इंडस्ट्री को परिवार की तरह बताया, जहां गलतफहमियां स्वाभाविक होती हैं। फैंस को उम्मीद है कि यह नई साझेदारी न केवल विवाद खत्म करेगी बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी धमाल मचाएगी।

# वेब सीरीज पंचायत वाले बिनोद की बदल गई जिंदगी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेज़न प्राइम वीडियो की चर्चित वेब सीरीज पंचायत ने जहां अपने खास कथानक और ग्रामीण परिवेश से दर्शकों का दिल जीता, वहीं इस शो में कुछ ऐसे किरदार भी रहे, जिन्होंने सीमित संवादों के बावजूद बड़ी छाप छोड़ी। ऐसा ही एक नाम है दुर्गेश कुमार, जिन्होंने 'भूषण' का किरदार निभाया। वहीं, अशोक पाठक 'बिनोद' के रूप में बिना कुछ बोले भी दर्शकों के दिलों में उतर गए। दुर्गेश कुमार ने बताया कि पंचायत के पहले सीजन की शूटिंग के समय उन्हें अंदाजा नहीं था कि यह शो इतना हिट होगा। उन्होंने कहा, "जब पहले सीजन में चंदन जी ने डायरेक्ट किया था, तब मैं बस एक अच्छा काम करना चाहता था। फिर दीपक मिश्रा सर ने दूसरे और तीसरे सीजन को संभाला, और जब शो के डायलॉग्स वायरल हुए तो बहुत अच्छा लगा।" उन्होंने यह भी साझा

### 'भूषण' और 'बिनोद', किरदारों की पॉपुलैरिटी ने बदली जिंदगी

किया कि तीसरे सीजन में उनके पोस्टर बनना और 5 साल पूरे होने पर मिली पहचान ने उन्हें बहुत उत्साहित किया। भूषण का किरदार निभाने वाले दुर्गेश बताते हैं कि अब हर एयरपोर्ट और शहर में लोग उन्हें पहचानते हैं। "कभी भूषण शर्मा, कभी दुर्गेश कुमार और कभी बनराकस कहकर बुलाते हैं। हर जगह लोग फोटो खिंचवाते हैं। यह देखना बहुत सुकून देता है," उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा।


वहीं, अशोक पाठक के लिए 'बिनोद' का किरदार एक साइलेंट लेकिन असरदार जीत लेकर आया। उन्होंने कहा, "बिनोद ज्यादा बोलता नहीं है, लेकिन उसकी मौजूदगी और एक्सप्रेशन ने दर्शकों का दिल छू लिया। 'देख रहा है बिनोद?' वाला मीम अचानक वायरल हुआ और मैं बिना कुछ बोले फेमस हो गया।" अशोक ने बताया कि जब उन्हें देशभर से प्यार मिला, तो वे भावुक हो गए। "मैंने अपने पापा को फोटो भेजकर कहा, 'मैंने कर दिखाया।' पंचायत ने मेरी ज़िंदगी बदल दी," उन्होंने कहा। उनके अनुसार, यह इस बात का सबूत है कि चाहे किरदार छोटा हो, अगर उसे ईमानदारी से निभाया जाए तो वह दर्शकों पर गहरा असर डाल सकता है। पंचायत को चंदन कुमार ने लिखा और दीपक कुमार मिश्रा ने निर्देशित किया है। यह शो 'द वायरल फीवर' द्वारा निर्मित है और प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया गया है।

# साउथ अफ्रीका ने जीती थी आईसीसी ट्रॉफी, इस बार हटेगा चोकर्स का टैग!

### आज से खेला जाएगा डब्ल्यूटीसी का फाइनल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका की टीम एक बार फिर आईसीसी ट्रॉफी जीतने के करीब पहुंच गई है। यह पहला मौका नहीं है जब टीम किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची हो, लेकिन अक्सर निर्णायक मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। इसी वजह से टीम पर 'चोकर्स' का टैग लग गया है।

अब कप्तान टेम्बा बावुमा की अगुवाई में साउथ अफ्रीका के पास यह टैग हटाने और इतिहास बदलने का सुनहरा मौका है। 2023 के टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में टीम ने भारत के खिलाफ



जोरदार खेल दिखाया था, लेकिन अंत में हारकर उपविजेता बनना पड़ा।

अगर बात करें उनके आखिरी आईसीसी खिताब की, तो साउथ अफ्रीका ने 1998 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जीती थी, जिसे बाद में चैंपियंस ट्रॉफी कहा जाने लगा। यानी पिछले 27 साल से टीम कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत पाई है।

अब देखना होगा क्या वे मजबूत ऑस्ट्रेलिया को हराकर इस सूखे को खत्म कर पाएंगे।

### लखनऊ में मेधावियों का सम्मान

# सीएम योगी देंगे एक लाख रुपये, टैबलेट और मेडल



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 12 जून 2025 को लखनऊ के लोक भवन सभागार में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित करेंगे। यह कार्यक्रम राज्य सरकार की शिक्षा–प्रेरित योजनाओं का हिस्सा है, जिसमें छात्रों की मेहनत को सराहा जाएगा और उन्हें आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया जाएगा।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र के अनुसार, इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कुल 166 विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एक लाख रुपये नकद, टैबलेट, प्रशस्ति–पत्र और मेडल प्रदान किए जाएंगे। ये छात्र यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई और संस्कृत शिक्षा परिषद के टॉप 10–10 छात्र–छात्राएं हैं। प्रत्येक छात्र के साथ उनके एक अभिभावक को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

सिर्फ राजधानी ही नहीं, बल्कि राज्य के सभी 75 जिलों में भी इसी दिन जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां 1508 विद्यार्थियों को – जिनमें 758 हाईस्कूल और 750 इंटरमीडिएट के छात्र शामिल हैं – 21,000 रुपये, टैबलेट, मेडल और प्रशस्ति–पत्र से नवाजा जाएगा। यह सम्मान स्थानीय प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि या जिलाधिकारी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान अन्य शैक्षिक विकास योजनाओं की भी घोषणा होगी। इसमें प्रदेश के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को "मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार" से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही संस्कृत शिक्षा निदेशालय के नवीन भवन, छात्रावास, इंटर कॉलेज भवन और ड्रीम लैब की स्थापना के लिए शिलान्यास और एमओयू भी शामिल है।

### मुजफ्फरनगर : योगी का शुकतीर्थ दौरा

## संत रविदास ने दी समाज को नई चेतना: सीएम



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने संत रविदास के सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा था, उस समय संत रविदास एक प्रकाश पुंज की तरह उभरे और उन्होंने सामाजिक कुरीतियों पर कठोर प्रहार कर समाज को नई दिशा और चेतना दी।

सीएम योगी ने कार्यक्रम में उपस्थित संत समाज को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को भी उचित सम्मान नहीं दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल का उल्लेख करते हुए बताया कि मोदी सरकार ने लंदन स्थित वह छात्रावास भी खरीद लिया है, जहां बाबा साहब पढ़ाई करते थे, ताकि उनकी स्मृति सदा बनी रहे।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कई विकास योजनाओं की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि शुकतीर्थ क्षेत्र में संत रविदास और संत ज्ञान भिक्षुक दास की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। इसके अलावा संत समनदास जी के नाम पर घाट का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में सड़कों का चौड़ीकरण कराया जाएगा ताकि तीर्थस्थल तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

कानून व्यवस्था के विषय में बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि अब प्रदेश में कैराना और कांधला जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो सकती। उन्होंने दावा किया कि राज्य में कानून का राज स्थापित हो चुका है और सभी नागरिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### सिद्धार्थनगर में इंदौर जैसा मर्डर

## डेढ़ साल के अफेयर में पति की हत्या

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने इंदौर के चर्चित सोनम–राजा हत्याकांड की याद ताज़ा कर दी। ढेबरुआ थाना क्षेत्र की संगीता नामक महिला ने अपने प्रेमी अनिल शुक्ला उर्फ विवेक के साथ मिलकर अपने पति कन्नन की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बलरामपुर में राप्ती नदी में फेंक दिया गया। यह वारदात पति–पत्नी के 18 साल के रिश्ते और एक डेढ़ साल पुराने प्रेम प्रसंग की त्रासदी बन गई।

घटना का खुलासा तब हुआ जब संगीता ने 2 जून को अपने पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस जांच में पता चला कि संगीता खुद ही पति को लेकर बलरामपुर गई थी। शक गहराने पर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की, जिसमें संगीता ने हत्या की साजिश कुबूल ली।

पुलिस के अनुसार, संगीता और विवेक की मुलाकात करीब डेढ़ साल पहले ट्रेन यात्रा के दौरान हुई थी। धीरे–धीरे यह दोस्ती प्रेम में बदल गई और



दोनों ने साथ रहने की योजना बनाई। इसके लिए संगीता ने पति कन्नन को रास्ते से हटाने की साजिश रची। उन्होंने कन्नन को नशीला पदार्थ खिलाया और फिर पुल से नीचे राप्ती नदी में फेंक दिया।

मंगलवार को संगीता की निशानदेही पर बलरामपुर जिले के सेमरहना गांव के पास नदी से कंकाल के रूप में कन्नन का शव बरामद हुआ। कपड़ों के आधार पर पहचान की गई। पुलिस ने संगीता और उसके प्रेमी को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ जारी है।

यह घटना समाज में रिश्तों की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल खड़ा करती है और आधुनिक समय में अंधे प्रेम के खतरनाक परिणामों को उजागर करती है।

### अयोध्या की सुरक्षा होगी हाईटेक

## एआई से संदिग्ध की पहचान और लोकेशन तुरंत मिलेगी

**यूनिक समय, अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या की सुरक्षा अब पूरी तरह हाईटेक होने जा रही है। हर दिन लाखों श्रद्धालुओं के आगमन और वीआईपी दौरों को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। इसके तहत अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई आधारित सॉल्यूशंस का प्रयोग किया जाएगा, जिससे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की पहचान और उसकी सटीक लोकेशन चंद पलों में ही मिल सकेगी।



अयोध्या में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और मार्गों पर लगे 10 हजार सीसीटीवी कैमरों को एक विशेष अक सॉफ्टवेयर से जोड़ा जाएगा। इस तकनीक की मदद से संदिग्ध व्यक्ति का स्केच या कपड़ों का विवरण डालते ही संबंधित इलाके में उस व्यक्ति को ट्रैक किया जा सकेगा। इसके अलावा, यदि किसी खास रंग के कपड़े में कोई संदिग्ध दिखता है, तो सॉफ्टवेयर ऐसे सभी व्यक्तियों को चिन्हित कर देगा, जिनकी जांच कर असली आरोपी तक पहुंचा जा सकेगा।

अयोध्या आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि अक आधारित फेस रिकॉग्निशन तकनीक से अपराधियों की पहचान बेहद आसान हो जाएगी। जैसे ही सीसीटीवी कैमरे में किसी अपराधी का चेहरा कैद होगा, कंट्रोल रूम में तुरंत अलर्ट जारी हो जाएगा। यह तकनीक राम मंदिर जैसे संवेदनशील स्थल की सुरक्षा के लिहाज से बेहद जरूरी मानी जा रही है।

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि तकनीक के साथ–साथ मैन्युअल सूचना तंत्र की भूमिका भी अहम है। स्थानीय लोग, नाविक, गोताखोर और मुखबिर आज भी सूचना तंत्र का मजबूत आधार हैं, जिन्हें नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता।




### केदारनाथ में शॉर्टकट बना जानलेवा

## अलीगढ़ के छह युवक मंदाकिनी नदी में डूबे, पांच बचाए गए

**यूनिक समय, अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जनपद के जट्टारी कस्बे से बाबा केदारनाथ के दर्शन को गए छह युवकों की यात्रा उस समय त्रासदी में बदल गई जब वे लौटते समय शॉर्टकट रास्ता लेने के चक्कर में मंदाकिनी नदी में गिर गए। घटना मंगलवार रात लगभग 11 बजे की है। इस हादसे में पांच युवकों को समय रहते बचा लिया गया, जबकि एक युवक अब भी लापता है। लापता युवक की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

घटना के संबंध में बचाए गए युवकों ने बताया कि बाबा केदारनाथ के दर्शन के बाद वे मुख्य मार्ग के बजाय गरुड़चट्टी से होकर रामबाड़ा तक का शॉर्टकट रास्ता लेना चाहते थे। रास्ते में नदी पार करने की कोशिश के दौरान सभी युवक मंदाकिनी नदी के तेज बहाव में बह गए।

### एक अब भी लापता

डूबने वाले युवकों में विष्णु सिंह (20), कुनाल (17), शिभव शर्मा (21), महेश चौधरी (19) और शिभव पालीवाल (20) शामिल हैं। ये पांच युवक किसी तरह बचा लिए गए, जबकि छठा युवक, जिसकी पहचान अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है, लापता है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीम ने लापता युवक की तलाश के लिए तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

परिजनों को घटना की सूचना मिलते ही भारी चिंता में डूब गए और वे घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। यह घटना एक बार फिर पहाड़ी क्षेत्रों में सुरक्षित यात्रा के महत्व और शॉर्टकट जैसे जोखिम भरे फैसलों के खतरों को उजागर करती है।

### यूपी में भीषण गर्मी का कहर

## पूर्वांचल में जल्द राहत के आसार



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। तापमान में लगातार वृद्धि और गर्म हवाओं के कारण न केवल दिन, बल्कि रातें भी असहनीय हो गई हैं। मौसम विभाग ने राज्य के पश्चिमी और बुंदेलखंड के 9 जिलों में लू की चेतावनी जारी की है, जबकि पूर्वांचल में मौसम के बदलने के संकेत हैं।

बुधवार को झांसी में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि आगरा, प्रयागराज, वाराणसी और बांदा जैसे शहरों में गर्म हवा और तपिश ने लोगों को घरों में कैद कर दिया। उमस और पूर्वा हवाओं के कारण हालात और अधिक चुनौतीपूर्ण बन गए हैं।

लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी यूपी में अभी दो–तीन दिनों तक राहत की उम्मीद नहीं है। हालांकि, 12 जून के बाद बंगाल की खाड़ी से उठने वाली नमी के प्रभाव से पूर्वांचल और तराई के जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में थोड़ी गिरावट आने की उम्मीद है।

मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी के नजीबाबाद और मुजफ्फरनगर सहित अन्य जिलों में "उष्ण रात्रि" की भी चेतावनी दी है, यानी रात का तापमान सामान्य से काफी अधिक रहेगा। इससे बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

## सार संक्षेप

### बीजेपी हर चीज में राजनीति करती है :सीएम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने भगदड़ मामले पर इस्तीफे की मांग को राजनीति बताया, बोले– बीजेपी सिर्फ गुमराह करती है।

### एयरटेल ने 1.80 लाख फर्जी लिंक ब्लॉक किए

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एयरटेल ने दावा किया कि उसने 25 दिन में कर्नाटक में ऑनलाइन फ्रॉड से जुड़े 1.80 लाख संदिग्ध लिंक ब्लॉक किए।

### बीजेपी ने हमारे कामों का सिर्फ उद्घाटन किया खरगे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने जातीय जनगणना और लोकतंत्र की स्थिति पर मोदी सरकार की आलोचना की।

### लक्ष्मण सिंह कांग्रेस से निष्कासित

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लक्ष्मण सिंह को अनुशासनहीनता के चलते छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।

### डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक : कोविड को लेकर घबराएं नहीं

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ब्रजेश पाठक बोले– कोविड को लेकर स्थिति नियंत्रण में, गंभीर और वृद्ध लोगों को सतर्क रहने की सलाह।

### गहलोत ने दी राजेश पायलट को श्रद्धांजलि

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अशोक गहलोत ने राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर उन्हें देश के लिए समर्पित नेता बताया।

### राहुल गांधी ने पीएम को लिखा पत्र

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर हाशिये पर पड़े छात्रों की छात्रवृत्ति और हॉस्टल सुविधा पर ध्यान देने को कहा।

### पटना में फायरिंग, एक की मौत, 1 घायल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पटना के मैनपुरा में अज्ञात हमलावरों ने दो लोगों को गोली मारी। एक की मौत हुई, दूसरा गंभीर घायल।

### बाबा सिद्दीकी का हत्यारा कनाडा में गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड जस्सी पुरेवाल कनाडा में पकड़ा गया, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से है संबंध।

### एक्सिओम-4 मिशन स्थगित

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का आईएसएस मिशन तकनीकी कारणों से स्थगित, फाल्कन–9 रॉकेट में रिसाव मिला।

### हरदोई में दुकान और गोदाम में आग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हरदोई में शॉर्ट सर्किट से आग लगी, दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाया, कोई हताहत नहीं।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड

# पुलिस के सामने सोनम ने कुबूला जुर्म



### राज कुशवाहा और अन्य के साथ रची थी साजिश

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इंदौर निवासी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। मेघालय पुलिस और एसआईटी की संयुक्त पूछताछ में सोनम रघुवंशी ने स्वीकार किया है कि वह अपने पति राजा की हत्या की साजिश में शामिल थी। यह खुलासा तब हुआ जब पुलिस ने सोनम को उसके प्रेमी राज कुशवाहा के आमने–सामने बैठाकर पूछताछ की। मजबूत साक्ष्यों के सामने सोनम ने आखिरकार अपना जुर्म कबूल कर लिया। जानकारी के अनुसार, 23 मई को राजा रघुवंशी अपनी पत्नी सोनम के साथ हनीमून मनाने शिलॉन्ग गया था। वहीं, सोची–समझी योजना के तहत राजा की हत्या कर दी गई। जांच के दौरान पुलिस ने 42 सीसीटीवी फुटेज, खून से सनी जैकेट, सोनम का रेनकोट और अन्य कई अहम सबूत इकट्ठा किए। पुलिस का कहना है कि इन सबूतों के आधार पर सोनम से जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो वह टूट गई और उसने साजिश में शामिल होने की बात स्वीकार ली। जांच में यह भी सामने आया कि सोनम ने सास से झूठ बोला था कि वह अपरा एकादशी का व्रत रख रही है, जबकि होटल रिकॉर्ड्स से साबित हुआ कि उसने खाना खाया था। हत्या के बाद, उसने राजा के सोशल मीडिया अकाउंट से एक भावुक पोस्ट डालकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश भी की। उसने लिखा था "सात जन्मों का साथ है", जिससे यह लगे कि दोनों के बीच सब कुछ सामान्य है। पुलिस को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद हो चुका है। पूछताछ में सोनम ने स्वीकारा कि उसने अपने प्रेमी राज कुशवाहा और तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर राजा की हत्या की साजिश रची थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोनम और राज पहले से एक–दूसरे के संपर्क में थे और शादी के बाद भी लगातार बातचीत करते रहे। हनीमून का बहाना बनाकर राजा को शिलॉन्ग ले जाना इस साजिश का हिस्सा था।

अब पुलिस इस केस में आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी संभव है। सोनम के इस कबूलनामे के बाद केस ने एक निर्णायक मोड़ ले लिया है।

### टिहरी–घनसाली मार्ग पर बड़ा सड़क हादसा

# गुजरात के 35 यात्रियों से भरी बस पलटी




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तराखंड के टिहरी जनपद में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। नई टिहरी–घनसाली मोटर मार्ग पर स्थित डबा खाले के पास गुजरात के यात्रियों को लेकर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। यह दुर्घटना टिपरी से लगभग 1.5 किलोमीटर आगे हुई, जिसने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया।


बस उत्तरकाशी से केदारनाथ जा रही थी और उसमें करीब 35 यात्री सवार थे, जो सभी गुजरात के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन को सूचित किया। प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव टीम को घटनास्थल पर भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें एक पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल हैं। इन घायलों को 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नंदगांव पहुंचाया गया। इसके अतिरिक्त लगभग 15 यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं, जिन्हें मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया।

फिलहाल हादसे की वजह का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि बस की ब्रेक फेल होने या ड्राइवर के नियंत्रण खोने के कारण यह दुर्घटना हुई हो सकती है। पुलिस प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और सभी घायल यात्रियों की मदद में जुटे हैं। इस हादसे ने एक बार फिर उत्तराखंड की पहाड़ी सड़कों पर यात्रा की चुनौतियों और सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# दिल्ली में भूमिहीन कैंप में 1200 झुग्गियों पर चला बुलडोजर

### डीडीए का अतिक्रमण विरोधी अभियान तेज



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली के कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप इलाके में दिल्ली विकास प्राधिकरण ने बुधवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 1200 अवैध झुग्गियों और दो–तीन मंजिला निर्माणों को गिरा दिया गया। सुबह 5 बजे से ही भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पांच बुलडोजरों के जरिए यह कार्रवाई शुरू की गई। डीडीए ने 9 जून को ही यहां के निवासियों को नोटिस जारी कर इलाके को खाली करने का आदेश दिया था। बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला करीब 10 साल से अदालत में लंबित था। अंततः दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की गई। स्थानीय निवासियों के अनुसार, उन्हें अदालत से कोई राहत नहीं मिली और डीडीए ने पुनर्वास के लिए विकल्प के रूप में फ्लैट्स देने की भी पेशकश की थी। आज की कार्रवाई में लगभग 300 निर्माण गिराए गए, और शेष अतिक्रमण हटाने का काम अगले दिन भी जारी रहेगा।

कालकाजी के अलावा ओखला के बाटला हाउस इलाके में भी डीडीए की कार्रवाई प्रस्तावित है। मुरादी रोड और खिजर बाबा कॉलोनी के कई मकानों पर लाल निशान लगाए गए हैं। हालांकि खिजर बाबा कॉलोनी में कोर्ट द्वारा स्टे दिए जाने के कारण अभी बुलडोजर नहीं चलेगा।

इस बीच, आप नेता आतिशी ने इस कार्रवाई को लेकर बीजेपी और सीएम रेखा गुप्ता पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय वादा किया जाता है 'जहां झुग्गी वहीं मकान', लेकिन अब वर्षों से बसे लोगों को उजाड़ा जा रहा है।

# अब केवल आधार प्रमाणीकरण के बाद ही बुक होंगे तत्काल टिकट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। रेल मंत्रालय ने 10 जून 2025 को एक परिपत्र जारी कर यह स्पष्ट किया है कि 1 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत टिकट केवल उन्हीं यात्रियों को उपलब्ध होंगे, जो आधार प्रमाणीकरण कर चुके हैं। यह कदम तत्काल टिकट प्रणाली को पारदर्शी और आम यात्रियों के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

रेल मंत्रालय के अनुसार, 1 जुलाई से आईआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप के माध्यम से तत्काल टिकट केवल आधार प्रमाणित यूजर्स ही बुक कर सकेंगे। इसके अलावा, 15 जुलाई 2025 से टिकट बुकिंग के समय आधार–आधारित ओटीपी वेरिफिकेशन भी अनिवार्य कर दिया जाएगा। ओटीपी यूजर के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा, जिसे सत्यापित करने के बाद ही टिकट बुकिंग पूरी हो सकेगी।

रेलवे ने यह भी निर्देश दिया है कि पीआरएस काउंटरों और अधिकृत



### 1 जुलाई से लागू होंगे नए नियम

एजेंटों को भी ओटीपी वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही टिकट बुक करने की अनुमति होगी। इतना ही नहीं, अधिकृत एजेंट्स को तत्काल बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट तक टिकट बुक करने की इजाजत नहीं होगी। सुबह 10 से 10:30 बजे तक एसी क्लास और 11 से 11:30 बजे तक नॉन–एसी क्लास की बुकिंग एजेंट्स के लिए प्रतिबंधित रहेगी। मंत्रालय ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र और आईआरसीटीसी को निर्देश दिया है कि वे इन बदलावों को समय पर लागू करें और आम जनता तक इसकी जानकारी सभी माध्यमों से पहुंचाई जाए।

# जवान का इंडिगो की फ्लाइट में सम्मान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत–पाकिस्तान सीमा पर दुश्मन की भारी गोलाबारी के बीच अपने साथियों की रक्षा करने वाले बीएसएफ जवान का एक भावुक वीडियो सामने आया है। 10 जून 2025 को इंडिगो की दिल्ली–बेंगलुरु फ्लाइट में जब यात्रियों को बताया गया कि एक वीर जवान विमान में सवार हैं, तो लोग सम्मान में खड़े हो गए और तालियों से उनका अभिवादन किया। यह जवान थे बीएसएफ के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (अरक) राजप्पा बी.डी., जिन्होंने हाल ही में "ऑपरेशन सिन्दूर" के दौरान अदम्य साहस का परिचय दिया था।

बीएसएफ ने इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हुए इंडिगो एयरलाइंस की इस पहल के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। पोस्ट में बताया गया कि फ्लाइट क्रू ने सार्वजनिक रूप से घोषणा कर जवान के बलिदान और



### तालियां बजाते हुए लोग खड़े हुए

कर्तव्यनिष्ठा को याद किया। इस दौरान फ्लाइट में मौजूद सभी यात्रियों ने खड़े होकर और तालियां बजाकर उन्हें सम्मानित किया। यह घटना उस समय की है जब हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हवाई हमला किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा के पास भारी गोलाबारी शुरू कर दी थी, जिसका जवाब भारतीय सेना और बीएसएफ ने पूरी ताकत के साथ दिया। गोलाबारी के दौरान अरकराजप्पा बी.डी. अपने साथियों को सुरक्षित निकालते समय घायल हो गए थे, लेकिन उन्होंने अपना कर्तव्य नहीं छोड़ा। इंडिगो फ्लाइट में मिला यह सम्मान न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे देश की सशस्त्र बलों के लिए गर्व का क्षण है।

# सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषियों की अपील की खारिज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म मामले में दोषियों की सजा को चुनौती देने वाली अपील को सख्ती से खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है और इसमें किसी भी प्रकार की रियायत की कोई गुंजाइश नहीं है। दोषियों संजय पैकरा और पुष्पम यादव ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी गई थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इन दोनों ने स्कूल वैन चालक संतोष गुप्ता के साथ मिलकर एक सातवीं कक्षा की छात्रा का अपहरण किया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीठ ने यह भी कहा कि पीड़िता की सहमति का दावा तर्कहीन है, क्योंकि वह नाबालिग है और यह तथ्य न्यायिक रूप से प्रमाणित हो चुका है।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर भगवान जगन्नाथ महोत्सव प्रारंभ

# जगन्नाथ स्वामी के जयकारों से गूंजा जन्मस्थान परिसर






वृंदावन स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ की पूजा करते सेवायत। श्रीकृष्ण जन्म स्थान पर भगवान जगन्नाथ की स्नान यात्रा में अभिषेक करते पुजारी।


प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा की सायं श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भगवान जगन्नाथ की स्नान यात्रा का परंपरागत आयोजन किया गया। सायं पांच बजे से धार्मिक अनुष्ठानों के मध्य श्रीभागवत–भवन मंदिर में स्थित भगवान श्रीजगन्नाथ जी का शास्त्रों के अनुरूप वैदिक मंत्रोच्चारण एवं झांडा, मजीरों की ध्वनि के मध्य विधि–विधान से गौदुग्ध, घृत, शर्करा, शहद एवं दही आदि से अभिषेक कर स्नानयात्रा अनुष्ठान की पूजा सेवा संपन्न हुई। ऐसी मान्यता है कि भगवान इस स्नानयात्रा के बाद बीमार हो जाते हैं। अब भगवान जगन्नाथ जी स्वास्थ्य लाभ करेंगे। इस मान्यता के साथ ही भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन भक्तों को आगामी 15 दिन तक नहीं होंगे। 27 जून को भगवान जगन्नाथ जी, अपने बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ रथ में विराजमान होकर यात्रा करते हुऐ नगर में भ्रमण को निकलेंगे। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, उप प्रबन्धक अनुराग पाठक, सदस्य डॉ रोशन लाल अग्रवाल एवं मंदिर के पूजाचार्यगण आदि उपस्थित थे। उधर, परिक्रमा मार्ग स्थित जगन्नाथ मंदिर में भी स्नान (जल यात्रा) का आयोजन किया। इस यात्रा के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## श्री चतुर्भुज भगवान को अर्पित किए गए छप्पन भोग और पुष्प बंगला



**यूनिक समय, छाता।** नगर के प्राचीन श्री चतुर्भुज भगवान मंदिर में ग्रीष्म ऋतु सेवा महोत्सव के समापन पर विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया और उन्हें रत्न जड़ित चांदी की पोशाक पहनाई गई। मंदिर को सुगंधित कमल पुष्पों से सजाया गया, जिससे वातावरण में दिव्यता और भक्ति का माहौल बना। मंदिर सेवायत देवकी नंदन शर्मा ने बताया कि यह आयोजन पहली बार ग्रीष्म ऋतु में आयोजित किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने ठाकुर जी के दिव्य दर्शन का लाभ लिया। गौरव अविरल शास्त्री ने ठाकुर श्री चतुर्भुज भगवान के स्वरूप को अति दिव्य और मनोहर बताया, जिसके दर्शन के लिए लोग लालायित रहते हैं। बृज पीठाधीश्वर संत शिरोमणि कृष्णानंद भट्ट जी महाराज ने संध्या आरती में ठाकुर के श्रृंगार दर्शन को निहारने के लिए दूर–दराज से आए भक्तों की उपस्थिति को सराहा। मंदिर प्रांगण में विभिन्न प्रकार के प्रसाद और जल सेवा भक्तों द्वारा की गई।




## भूगर्भ जल का अति दोहन रोकना जरूरी: सीडीओ


वरिष्ठ संवाददाता

**भूगर्भ जल का उपयोग करने वाली सभी इकाइयों के रजिस्ट्रेशन होंगे जरूरी**

**रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वालों पर होगी कार्यवाही**

**कहा– रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं सभी**

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की जिला स्तरीय समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें उन्होंने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम उन सभी व्यावसायिक इकाइयों को लगाने की अनिवार्यता का आदेश दिया जो भूगर्भ जल का अतिदोहन करते हैं। साथ ही भूगर्भ जल रिचार्ज हेतु जिले में नए तालाब खुदवाने की बड़ी योजना पर विचार हुआ। इसके क्रियान्वयन के बारे में गहन चर्चा की गई। गैर सरकारी सदस्य अजय कुमार अग्रवाल ने आर ओ वॉटर प्लांटों द्वारा पानी की वेस्टेज का मुद्दा उठाया। कहा कि कुछ इस प्रकार की जानकारी मिल रही है कि आरओ वॉटर प्लांट वेस्ट वाटर का आखिर करते क्या है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जांच के आदेश दिए। बैठक में प्रदूषण विभाग, लघु सिंचाई विभाग, विकास प्राधिकरण, जल निगम, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, वन विभाग आदि के अधिकारी मौजूद थे।




स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :– यूनिक बिल्डिंग, 289–290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक–पवन गौतम। फोन नंबर–0565–2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053